इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।
आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -112 राजनांदगांव, गुरूवार 07 मार्च 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, इन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने)
गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

पीएम मोदी ने किया अंडरवॉटर मेट्रो का उद्घाटन, बच्चों के साथ किया सफर

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश की पहली अंडर वॉटर मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन किया है. बता दें कि कोलकाता की अंडर वॉटर मेट्रो का निर्माण हुगली नदी के नीचे किया गया है. कुछ दिन पहले ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोलकाता मेट्रो रेल सेवाओं की समीक्षा की थी और आज पीएम मोदी इसे देश को समर्पित किया है. यहां आपको बता दें कि पीएम मोदी ने कोलकाता से ही आगरा मेट्रो का भी वर्चुअल उद्घाटन किया है.आगरा में मेट्रो की शुरुआत ताजमहल मेट्रो स्टेशन से की गई है. इतना ही नहीं पीएम मोदी ने मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद स्कूल के बच्चों के साथ मेट्रो में सफर भी किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत भी की.

नदी के तल से 32 मीटर नीचे बनाई गई है मेट्रो

बता दें कि ये अंडर वॉटर मेट्रो टनल हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड सेक्शन के बीच में दौड़ेगी. इस मेट्रो टनल को हुगली नदी के तल से 32 मीटर नीचे बनाया गया है. कोलकाता मेट्रो हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड टनल भारत में किसी भी नदी के नीचे बनाया जाने वाला पहला ट्रांसपोर्ट टनल है. माना जा रहा है कि यह अंडरग्राउंड मेट्रो 45 सेकेंड में हुगली नदी के नीचे 520 मीटर की दूरी तय करेगी.

इस रूट पर होंगे 4 अंडरवॉटर मेट्रो स्टेशन

हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक 4.8 किलोमीटर का रूट बनकर तैयार हो गया है. इस रूट में 4 अंडरग्राउंड स्टेशन - हावड़ा मैदान, हावड़ा स्टेशन, महाकरण और एस्प्लेनेड हावड़ा स्टेशन शामिल हैं, जो जमीन से 30 किलोमीटर नीचे बने हुए हैं. ये दुनिया में सबसे गहराई में बनाया गया मेट्रो स्टेशन है. इससे पहले लंदन और पेरिस में ही पानी के नीचे मेट्रो रूट बने हुए हैं.

2010 में इस प्रोजेक्ट की हुई थी शुरुआत

कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर सैयद मो. जमील हसन ने बताया कि 2010 में टनल बनाने का कॉन्ट्रैक्ट एफकॉन्स कंपनी को दिया गया था. एफकॉन्स ने अंडर वॉटर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए जर्मन कंपनी हेरेनकनेक्ट सेल बोरिंग मशीन (टीबीएम) मंगाई थी. इन मशीनों के नाम प्रेरणा और रचना हैं, जो एफकॉन्स के एक कर्मचारी की बेटियों के नाम पर हैं. इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी दो चुनौतियां यहीं थीं कि खुदाई के लिए सही मिट्टी का चुनाव कैसे होगा और दूसरा टीबीएम की सेफ्टी कोलकाता में हर 50 मीटर की दूरी पर अलग-अलग तरह की मिट्टी मिलती है. *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की पीड़िताओं से मिले पीएम मोदी, टीएमसी को बताया कलंक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। पीएम मोदी कोलकाता से सटे बारासात में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। महिला दिवस से पहले हो रही इस जनसभा में संदेशखाली का मुद्दा उठेगा। भाजपा ने इसे नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम नाम दिया है। इस कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने संदेशखाली की पांच पीड़िताओं से मुलाकात की और उनकी आपबीती जानी।

पीएम मोदी की रैली में संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं भी शामिल हुईं। संदेशखाली के मुद्दे पर पीएम मोदी ने कहा, मेरे देश की बहनें... यही तो मोदी का परिवार हैं। मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण इसी परिवार के लिए समर्पित है। जब मोदी को कोई कष्ट होता है तो यही माताएं-बहनें-बेटियां कवच बनकर खड़ी हो जाती हैं। केंद्र सरकार में एनडीए की वापसी पक्की देखकर,इंडी गठबंधन के सारे नेता बौखला गए हैं। इस इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात करता हूं।

शराब घोटाला मामला : सीएम केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की नई शिकायत, कहा- समन का नहीं कर रहे पालन; आज सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट का रूख किया है। ईडी ने एक और शिकायत दी है। इस मामले पर सात मार्च को सुनवाई है। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले भी सीएम केजरीवाल के खिलाफ समन के का पालन न करने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शिकायत भी दर्ज हुई थी। उस मामले में सुनवाई 16 मार्च को है।

प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में बार-बार समन का पालन न करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक नई शिकायत दिल्ली कोर्ट में दी है। ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने चार से आठ समन का पालन नहीं किया है। जिसके बाद एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत को सूचीबद्ध कर लिया है और सात मार्च को सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित की है। जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आठ समन जारी किए हैं। इससे पहले ईडी ने पहले से तीसरे समन पर पेश नहीं होने पर लोकल कोर्ट का रूख किया था। जिसको लेकर कोर्ट में 16 मार्च को मामले पर सुनवाई होगी।

12 मार्च के बाद कभी भी पेश हो सकते हैं केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तैयार हो गए हैं। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय से 12 मार्च के बाद नई तारीख मांगी है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होंगे। आज आठवें समन पर भी केजरीवाल पेश नहीं होंगे।

केजरीवाल के खिलाफ आठ समन हो चुके हैं जारी

दिल्ली शराब घोटाले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं और इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने दिल्ली मुख्यामंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। इससे पहले 22 फरवरी को भी ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा था। लेकिन केजरीवाल सातवें समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इससे पहले बीती साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी और 22 फरवरी और 3 मार्च को ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी थी। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने 2021-22 के लिए एक्साइज नीति के तहत जिन शराब व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए थे, उन्होंने इसके लिए रिश्वत दी थी और साथ ही मनपसंद शराब व्यापारियों को ही लाइसेंस जारी किए गए। हालांकि आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों से इनकार किया। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गड़बड़ी के चलते शराब नीति को रद्द कर दिया था और सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। ईडी ने भी कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में मामला दर्ज किया था।

धारा 370 हटने के बाद कल पहली बार कश्मीर आएंगे पीएम मोदी, सुरक्षा व्यवस्था हुई चाक-चौबंद

Hearty Welcome
Narendra Modi

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात मार्च को न सिर्फ श्रीनगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे बल्कि कश्मीर के विकास की एक नयी तस्वीर का खाका खींचते हुए विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इससे पूर्व सात नवंबर, 2015 को प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर में एक जनसभा के दौरान 80 हजार करोड़ रुपये का पैकेज दिया था। वहीं से कश्मीर के आधारभूत ढांचे और विकास योजनाओं के नए युग की शुरुआत हुई थी। इनमें से कई योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और कुछ अंतिम चरण में है।

आठ वर्ष बाद वह दूसरी बार और पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद पहली बार घाटी में कश्मीरियों को संबोधित करेंगे। उनकी यह रैली सिर्फ घाटी तक सीमित नहीं है बल्कि यह आगामी लोकसभा चुनाव में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा के 370 और एनडीए 400 के पार के लक्ष्य को साधने के अभियान का भी हिस्सा नजर आ रही है। प्रधानमंत्री ने पिछले माह 20 फरवरी को जम्मू में भी एक रैली को संबोधित किया था। उसमें उन्होंने 32 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया था।

विकास और संरक्षण परियोजना का भी करेंगे उद्घाटन

अब वह वीरवार को कश्मीर में पर्यटन, बुनियादी ढांचा और कृषि व संबंधित क्षेत्रों से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वह स्कीईंग के एक नए केंद्र के रूप में विकसित हो रहे सोनमर्ग में स्की ड्रैग लिफ्ट का लोकार्पण करने के अलावा डल झील के किनारे स्थित विश्व प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह के प्रसाद योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण, विकास व संरक्षण परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ जारी की एडवाइजरी, कांग्रेस सांसद को सतर्क रहने की दी सलाह

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों को लेकर जारी गहमागहमी के बीच भारतीय निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें चुनाव आयोग ने उन्हें भविष्य में अधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। आयोग ने पीएम मोदी के खिलाफ बयानों और टिप्पणियों से जुड़े मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश और राहुल गांधी के जवाबों और अन्य तथ्यों पर विचार-विमर्श के बाद यह एडवाइजरी जारी की है।

पीएम मोदी पर राहुल ने की थी विवादित टिप्पणी

राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा था पीएम का मतलब है, पनौती मोदी। उन्होंने विश्व कप के फाइनल मैच का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे। लेकिन, उन्हें हरवा दिया।

इसके अलावा जिस जेबकतरे वाले तंज पर नोटिस जारी किया गया है उसकी कहानी राहुल गांधी लगभग हर सभा में सुना रहे हैं। कहते हैं- जेब काटने के लिए तीन लोग आते हैं। एक जेब कतरा ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। दूसरा पीछे से अकार जेब काटता है। तीसरा खड़ा होकर देखता रहता है और आक्रमण करने की फिराक में रहता है। जेब कतरे की तरह ध्यान भटकने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जेब काटने वाले अदाणी है और लाठी मारने वाले अमित शाह हैं।

कांग्रेस के घोषणा पत्र का मसौदा खडगे को सौंपा

नयी दिल्ली। कांग्रेस का 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र का मसौदा तैयार हो गया है और इसे आज पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को सौंप दिया गया है।

श्री खडगे ने खुद यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए 'न्याय' पर आधारित हमारे घोषणापत्र का मसौदा तैयार है और कांग्रेस घोषणापत्र समिति ने इस मसौदे की प्रति आज मुझे प्रस्तुत कर दी है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति और श्वेत क्रांति से लेकर सार्वजनिक उपक्रमों के निर्माण तक, दूरसंचार और आईटी क्रांति से उदारीकरण तक, समावेशी शासन से अधिकार आधारित प्रतिमान तक- कांग्रेस हमेशा भारत के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। इससे पहले घोषणापत्र समिति के अध्यक्षता तथा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने आज शाम श्री खडगे मसौदे की प्रति सौंपी। श्री चिदंबरम ने मंगलवार को बताया था कि मसौदा तैयार है। मसौदे के दस्तावेज को मंजूरी देने के लिए जल्द ही पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में रखा जाएगा।

नक्सलियों के निशाने पर भाजपा नेता, छह दिन में दूसरी हत्या; दहशत का बना माहौल

बीजापुर। नक्सलियों के जांगला इलाके के कोटमेट्टा में एक भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। वहीं भाजपा नेता की हत्या के बाद नक्सलियों ने तालाब निर्माण में लगी जेसीबी को भी आग के हवाले कर दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, भाजपा नेता और व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष रहे जांगला निवासी कैलाश नाग की बुधवार की शाम नक्सलियों ने कोटमेट्टा में हत्या कर दी। जांगला थाना से करीब 12 किलोमीटर कोटमेट्टा में नये तालाब का निर्माण कार्य चल रहा था। यहां कैलाश नाग की जेसीबी वाहन से काम कराया जा रहा था।

इसी दरमियान नक्सलियों ने कैलाश की हत्या कर दी। बता दें कि छह दिनों के भीतर नक्सलियों ने दूसरे भाजपा नेता की हत्या की हैं। बीते शुक्रवार को नक्सलियों ने तोयनार के एक शादी समारोह में गए थे। भाजपा नेता व जनपद सदस्य तिरुपति कटला की धारदार हथियार से वार कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी। छह दिनों में दो भाजपा नेताओं की हत्या से जिले में दहशत का माहौल है।

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

सीएम ममता बनर्जी से मिले सौरव गांगुली

सौरव गांगुली की राजनीति में एंट्री के लगाये जा रहे कयास

कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष सौरव गांगुली क्रिकेट के बाद अब राजनीति में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दादा के नाम से मशहूर गांगुली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक गांगुली ने सीएम ममता बनर्जी से सचिवालय में करीब आधे घंटे तक मुलाक़ात की है। दादा पश्चिम बंगाल की किस सीट से चुनाव लड़ेंगे इसको लेकर अभी कोई अधिकारी घोषणा नहीं हुई है। पिछले कुछ समय से ममता और गांगुली को कई मौकों पर साथ देखा गया है। कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट 2023 के दौरान गांगुली को बंगाल का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया था।

एक साल पहले अनिच्छुक सौरव गांगुली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया था। उनकी जगह पूर्व दिग्गज गेंदबाज रोजर बिन्नी को नया *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

छत्तीसगढ़ में अब एनआईए की तर्ज पर एसआईए : साय कैबिनेट का फैसला

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को महानदी भवन मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ राज्य में आतंकवाद, नक्सलवाद, वामपंथी उग्रवादी जैसे विशेष मामलों, प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी अनुसंधान एवं अभियोजन के लिए राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एस.आई.ए.) के गठन का निर्णय लिया गया। यह एजेंसी राष्ट्रीय इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) के साथ समन्वय के लिए राज्य के नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। इसके लिए एक पुलिस अधीक्षक सहित कुल 74 नवीन पदों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा सुशासन एवं अभिसरण विभाग के गठन का फैसला लिया गया है।

मंत्रीपरिषद के अन्य अहम फैसले

कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए खरीफ 2023-24 से 'कृषक उन्नति योजना' लागू करने का निर्णय लिया गया। राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने तथा फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। विकेन्द्रीकृत चांवल उपार्जन के लिए भारत सरकार से हुए एमओयू को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना शुरू की जा रही है।

संविदा कर्मचारियों को अब 30 दिन अवकाश; मीसाबंदियों को पेंशन

मंत्रिपरिषद की ओर से यह निर्णय लिया गया कि कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव अनुसार खरीफ वर्ष 2023 में धान खरीदी के आधार पर किसानों को प्रति एकड़ 19,257 रूपए के मान से आदान सहायता राशि प्रदाय की जाएगी एवं तदानुसार अनुषांगिक कार्यवाही करने हेतु विभाग को अधिकृत किया जाएगा। बैठक में लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। प्रदेश में 2018 की स्थिति में 430 लोकतंत्र सेनानियों/आश्रितों को प्रतिवर्ष करीब 9 करोड़ रूपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती थी। एक माह से कम अवधि के निरूद्ध व्यक्तियों को 8 हजार रूपए प्रतिमाह, एक से 5 माह तक के निरूद्ध व्यक्तियों को 15 हजार रूपए प्रतिमाह तथा पांच माह तथा अधिक निरूद्ध व्यक्तियों को 25 हजार रूपए प्रतिमाह दिया जाता था।

भारत में घोषित आपातकाल के दौरान छत्तीसगढ़ के राजनैतिक या सामाजिक कारणों से मीसा/डीआईआर के अधीन निरूद्ध व्यक्तियों को सम्मान राशि प्रदान करने के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि नियम-2008 बनाया गया था। जिसे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जनवरी 2020 तथा 29 जुलाई 2020 को अधिसूचना जारी कर निरस्त कर दिया गया था। मंत्रिपरिषद की बैठक में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 26 मई 2020 को पारित आदेश के परिपालन में उपरोक्त दोनों अधिसूचनाओं को निरस्त करते हुए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यानी पूर्व अनुसार प्रतिमाह सम्मान राशि पुनः प्रारंभ की जाती है एवं सम्मान राशि बंद होने से लेकर पुनः प्रारंभ होने तक की अवधि की एरियर्स राशि 01 नवम्बर 2024 को प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम संभव उपयोग हेतु और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पृथक विभाग का गठन किया गया है। इस विभाग के गठन से बेहतर प्रशासन के साथ जनता तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

ASHISH
ANNEX
साड़ियां
शेरवानी
कोर्ट,शूट
लाचा
किड्स
वियर
KAMPTHI LINE,RAJNANDGAON (C.G.)

प्रीसिशन इंजी. वर्क्स
हॉस्पिटल बेड, बेड साइड टेबल, सलाइन स्टैंड एवं सभी प्रकार के हॉस्पिटल फर्नीचर आदि
पता : इण्डस्ट्रियल स्टेट
जी.ई.रोड, राजनांदगांव
मो.नं.-9406011669

दादाजी डेंटल क्लीनिक
डॉ. सुबोध गुप्ता
BDS, DADS
प्रतिदिन उलब्ध-
सुबह 10 बजे से
रात्रि 8 बजे तक
रविवार अवकाश
अग्रसेन भवन के पास भरकापारा, राज.
फोन-07744-470074

मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर,
लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की,
सागौन डोर, माइका डोर,
माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर
किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी
दीमक से बचत वाटर प्रुफ
10 वर्ष की गारंटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

मोदी की गारंटी पर लड़ा जाएगा लोकसभा चुनाव- राजेश मूणत

राजेश मूणत ने संकल्प सिद्धि का मंत्र सौंपा

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रबंधन समिति एवं कोर ग्रुप की बैठक आज भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रभारी राजेश मूणत विशेष रूप से उपस्थित थे। लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव की तैयारी के संदर्भ में आहूत बैठक में 2300 बूथों के लिए विचार मंथन किया गया और आने वाले समय में लाभार्थी सम्मेलन, किसान सम्मेलन पर भी विस्तार से चर्चा हुई और लोकसभा चुनाव के संचालन, कार्यक्रम एवं प्रभारी की नियुक्ति पर भी विचार मंथन किया गया।

कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को यथार्थ का अनुभव बताते हुए कहा कि मेरी पहचान मेरी पार्टी है, और पार्टी को जी जान से जीतने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं, इधर-उधर की बातों में ध्यान न देकर भारत माता के वैभव को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी सरकार को पुनः स्थापित करने के यज्ञ कार्य में कार्यकर्ता लग जाए, तो 11 की 11 सीट छत्तीसगढ़ में भाजपा की होगी और 400 प्लस का संकल्प अवश्य पूरा होगा मूणत ने कहा कि मात्र तीन माह में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 25000 करोड़ रुपए गरीबों के खाते में डाले हैं और महतारी वंदन योजना के तहत बहनों को भी इसका लाभ मिलने जा रहा है, इसलिए कार्यकर्ता भाजपा सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाएं और संकल्प ले कि वह मोदी की गारंटी के तहत भाजपा के लिए कार्य करते हुए 2300 बूथों पर जाएंगे तभी देश के लिए गया संकल्प सिद्धि में परिवर्तित होगा।

सर्वप्रथम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने लोकसभा चुनाव की बारीकियां को अवगत कराते हुए कहा कि मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए हमें मिलजुल कर चलना होगा और कदम से कदम मिलाकर पार्टी हित में कार्य करना होगा। बैठक को सांसद संतोष पांडे ने संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया और बताया कि 28 करोड़ के अमृत मिशन के तहत स्टेशन का कायाकल्प एयरपोर्ट की तर्ज पर होगा साथ ही 200 करोड रुपए की योजनाएं रेलवे के माध्यम से संचालित है और मोदी जी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर स्थापित कर पूरे भारत का गौरव बढ़ाया है इसलिए भारत में पुनः 400 प्लस का लक्ष्य लेकर मोदी जी निकल पड़े हैं सांसद संतोष पांडे ने कहा कि दिव्यांग जनों का सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में देखा जा सकता है उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बलबूते ही चुनाव जीता जा सकता है इसलिए देवतुल्य कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।

9 मार्च को किसान कुंभ रायपुर में होगा

बैठक में रायपुर में होने वाले किसान कुंभ की तैयारी के संबंध में भी चर्चा की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी किसान सम्मेलन में शामिल होंगे

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने बताया कि 12 मार्च को राजनांदगांव में किसान सम्मेलन होगा, जिसमें प्रदेश के समस्त किसानों को अंतर की राशि ट्रांसफर की जाएगी, सम्मेलन में मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मोहन यादव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, इस सम्मेलन में मौहला, मानपुर खुर्जी ब्लॉक तथा खैरागढ़ एवं राजनांदगांव के कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिनेश गांधी एवं आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने किया। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, विक्रांत सिंह, संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, महामंत्री भरत वर्मा, नीलू शर्मा, गीता साहू, विक्रांत सिंह, अशोक साहू, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, विनोद खांडेकर, प्रदीप गांधी, सचिन बघेल, मदन साहू, खम्मन ताम्रकार, कवर्धा मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा सहित मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घर-घर लगेगा झंडा

30 मार्च तक आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा बैठक में तय की गई और प्रत्येक कार्यकर्ता को हर घर में 30 मार्च को भाजपा का झंडा लगाने का लक्ष्य दिया गया।

पशु क्रुरता के फरार आरोपी को पुलिस ने जबलपुर से धरदबोचा

राजनांदगांव (दावा)। पांच साल से फरार पशु क्रूरता के आरोपी को सोमनी पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने उसे जबलपुर से गिरफ्तार किया है। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कृष्णा पाटले के नेतृत्त्व में सोमनी थाना के अपराध क्रमांक 14/18 धारा 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम 4,6,10 पशु परिवहन अधिनियम के आरोपी सगीर अहमद पिता निजामुद्दीन उम्र 45 वर्ष निवासी मौदहा उपरौस जिला हमीरपुर यूपी का रहने वाला है जिसे धर दबोचा गया।

आरोपी सगीर विगत 5 वर्ष से आरोपी फरार था आरोपी की वाहन थाना सोमनी में जप्त किया गया था। पतासाजी हेतु थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा टीम गठित कर उपनिरीक्षक जलालुद्दीन खान, सहायक उप निरीक्षक इसराफिल खान, आरक्षक मो. शाहबाज सिद्दीकी को ग्राम मौदहा उपरौस जिला हमीरपुर (यूपी) के लिए रवाना किया गया।

पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी सगीर अहमद चित्रकुट एक्सप्रेस से जबलपुर जाना वाला है इस पर टीम, मुखबीर को साथ लेकर जबलपुर के लिये रवाना हुआ। वहां पहुंचकर मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गई और आरोपी को जबलपर बस स्टैंड के पास धर-दबोचा गया। अग्रिम कार्यवाही के लिए रिमांड पर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया है।

पहला कॉलम...

लाभार्थी सम्पर्क अभियान

राजनांदगांव (दावा)। उत्तर मंडल लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत चिखली बूथ क्रमांक 69 के लाभार्थियों से सम्पर्क कर बूथ प्रवासी योगेश साहू द्वारा स्नेह संवाद कर लाभार्थियों के मोबाईल नंबर दर्ज कर उनका अनुभव के साथ फोटो लेकर सरल इुश्च मे सबमिट कर सभी लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जी का संदेश पत्र, विकसित भारत पत्रिका, कैलेंडर, स्टिकर सामग्री प्रदान किया गया। लाभार्थी सम्पर्क अभियान मे बूथ अध्यक्ष श्रीमती मंजू चौबे, सचिव सलीम खान, बूथ क्र 20 अध्यक्ष नोहर साहू, वरिष्ट भाजपा महिला कार्यकर्ता माया देशमुख एवं त्रिवेणी वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

कन्हारपुरी में आज निकलेगी शिवजी की भव्य बारात

राजनांदगांव (दावा)। कन्हारपुरी वार्ड क्र. 34 के तिरंगा चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में इस वर्ष भी भव्य शिवरात्रि का आयोजन किया जा रहा है। 7 मार्च 2024 को शिवजी की भव्य बारात निकाली जाएगी। जिसमें वार्ड के श्रद्धालुगण शामिल रहेंगे। 8 मार्च 2024 महाशिवरात्रि को भव्य जस जगरात मंडली द्वारा भजन- कीर्तन व सुन्दरकाण्ड का पाठ (गणेश मिश्रा ताल छापर वाले) पूजा पाठ एवं विशाल भण्डारा होगा। आयोजन समिति अध्यक्ष सोहन लाल साहू ने श्रद्धालुओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में 3 से 4 माह की अवधि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत सहायक इलेक्ट्रीशियन, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), प्लंबर-जनरल, हाथ की कढ़ाई करने वाला, घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, मेसन जनरल कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सोमनी-सांकरा राजनांदगांव में संचालित किया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राही अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में करा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मोबाईल नंबर 9691311633 एवं 7898147697 से प्राप्त किया जा सकता है।

हत्या की नियत से प्राणघातक हमला करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने हत्या करने की नीयत से प्राण घातक हमला करने वाले 8 आरोपियों को गिरफतार किया है। इसमें एक आरोपी को विधि से संघर्षरत बालक बताया जाता है।

कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की कैची जब्त किया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि प्रार्थी कृष्णा सिंह गोड़ पिता स्व. विजय राम गोड़ उम्र करीब 37 वर्ष निवासी जमातपारा वार्ड नं. 25 पुतरी पाठशाला के पीछे का दिनांक 5 मार्च को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका मौसेरा भाई हेमंत सिंह गोड़ को रात्रि करीबन 11 से 11:30 बजे के मध्य सम्पत टेलर दुकान सदर लाईन शर्ट फिटिग की बात को लेकर गया था, सम्पत टेलर का बेटा उदित नारायण एवं उसके टेलर दुकान काम करने वाले कारीगरो एवं 6-7 लोगों के द्वारा एक राय होकर वाद विवाद कर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से हाथ मुक्का एवं प्लास्टिक के कुर्सी से मारपीट कर धारदार वस्तु से हेमंत सिंह को सीने, दाहिने जाघ, बाये पैर के घुटने के उपर एवं पीठ मे वार कर गंभीर चोट पहुंचाना बताया। इस पर थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 294, 323, 324, 506, भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया और अपराध कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं उनके स्वंयं थाना के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए रात्रि में ही आरोपी उदित नारायण देवागन पिता कीर्तन लाल देवांगन उम्र 30 साल निवासी शारदा चौक शंकरपुर, अंकित ठाकुर पिता दिलीप ठाकुर उम्र 27 साल निवासी महावीर वार्ड डबरी पारा थाना बसंतपुर, विश्वास वासनिक उर्फ विशु पिता राहुल वासनिक उम्र 21 साल निवासी डबरी पारा हाट बाजार, दीपक ढीमर उर्फ मुन्दरी पिता शिवप्रसाद ढीमर उम्र 20 साल साकिन पुराना गंज चौक, रिजवान खान पिता इसराईल खान उम्र 22 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, शोएब उर्फ शोबू पिता अब्दुल फरीद उम्र 19 साल निवासी ममतानगर अंडर ब्रिज के पास गली नं. 7 एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।

बताया गया कि हमले से आहत का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया मुलाहिजा रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा संघातिक चोट लेख करने पर प्रकरण में धारा 307 भादवि. समाहित किया गया। आरोपियों से पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने पर बुधवार 6 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जिला जेल में दाखिल किया गया।

महाशिवरात्रि पर बाकल में मंडई, दो दिवसीय जस झांकी प्रति.

राजनांदगांव (दावा)। सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति ग्राम बांकल के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंडई मेला एवं दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी समिति के सदस्य भोजराज ने दी।

उमेश कुमार पटेल होंगे डोंगरगढ़ के एसडीएम

गिरीश कुमार रामटेके को अस्थायी रूप से जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को नया दायित्व देते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विभिन्न कार्यालयों में आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ करते हुए आवश्यक दायित्व दिया है।जिसमें संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़ के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया हैं। साथ ही कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर गिरीश कुमार रामटेके को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त जिला कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ किया है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत चयन परीक्षा 10 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा रविवार 10 मार्च 2024 को आयोजित की जाएगी। जिले में चयन हेतु लिखित परीक्षा दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थान पर परीक्षा के आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होने कहा गया हैं।

कोतवाली पुलिस ने आदतन आरोपी से धारदार चाकू किया गया जप्त

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने शहर के एक आदतन आरोपी के पास से धारदार हथियार चाकू जब्त कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी का नाम सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया पिता बिरेन्द्र बांसफोड़ उम्र 22 वर्ष निवासी नया बस स्टैण्ड बताया जाता है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं उनके स्वयं क नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार 6 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली कि माल धक्का हनुमान मंदिर के पास टांकापारा में सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया नामक व्यक्ति अपने पास चाकू रखा है, आने जाने वालों को चाकू लहरा कर डरा-धमका रहा है। उक्त सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत अपराध व सबूत पाये जाने से धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया है।

बताया जाता है कि आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है उसके खिलाफ विभिन्न मामलों में अपराध दर्ज है। फिलहाल वह जेल की सीखचों के पीछे है।

स्वीप के संबंध में 7 मार्च को बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा निर्धारण एवं स्वीप गतिविधियों के संचालन के संबंध में 7 मार्च 2024 को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबधितों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को दिया गया दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को विभिन्न कार्यालयों में आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ करते हुए आवश्यक दायित्व दिया है।

जिसमें संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़ एवं संयुक्त कलेक्टर श्री अतुल विश्वकर्मा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजनांदगांव तथा डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज कुमार मरकाम को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगांव के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया हैं। सभी एसडीएम अपने अनुविभाग अंतर्गत भू-अर्जन अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम, पंजीयक लोक न्यास, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता व दण्ड प्रक्रिया संहिता, पंचायत राज अधिनियम, विभिन्न नियमों व एक्ट अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से संबंधित तथा समय-समय पर सौंपे गए कार्यो का निर्वहन करेंगे।

साथ ही कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर श्री गिरीश कुमार रामटेके को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त जिला कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ किया है।

राहत मद अंतर्गत जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावित को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में तालाब में डुबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। तहसीलदार छुरिया को सहायता अनुदान राशि भुगतान के लिए उपलब्ध करा दिया गया है।

dts
श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज अंतिम दिन 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म
राजेश मारू प्राडक्शन कृत
मांग सजा दे सजना
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि
ता. 8 से शैतान
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
4th March to 7th March 2024
Rakshanam (Hindi) - 12:00 and 03:00 pm
Dune Part Two (Hindi) - 06:30 and 09:30 pm
Article 370 -12:30, 03:30, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

कार्यालय ग्राम पंचायत-हरडुवा
जनपद पंचायत,तह. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
क्र.:- 136 /ग्रा.पं.हरडुवा/2024 दिनांक 23-02-2024

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरडुवा में जिला पंचायत 15वे वित्त मद से सोलर लाईट सामग्री राशि 2,00,000/- (दो लाख रूपये) एवं जनपद पंचातय विकास निधि से सौर ऊर्जा लाईट सामग्री राशि 2,00,000/- (दो लाख रूपये) का क्रय किया जाना प्रस्तावित है संबंधित फर्म अपनी निविदा दर बंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे।

निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय के कार्यालीन समय में देखी जा सकती है।

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत हरडुलवा
जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व मंडल लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव

सूचना पत्र

श्री संजय अग्रवाल पिता रामनिवास अग्रवाल जाति.......ग्राम कामठी लाईन के द्वारा सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आपको सूचित किया जा रहा है कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव के आदेश क्रमांक 73 प्र.त./ 24 दिनांक 4-01-2024 के अनुसार ग्राम लखोली प.ह.नं.42 में स्थित भूमि खसरा नं.497/72 रकबा 0.015हे. दिनांक 15.03.2024 समय 12:00 बजे को सीमांकन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः आवेदक एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने-अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें।

दिनांकः- 04-03-2024

क्रमांक	सूचना तामिली हेतु पक्षकारो के नाम, पिता/पति का नाम	सूचना प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
1.	संजय अग्रवाल पिता रामनिवास अग्रवाल निवासी कामठी लाईन. राजनांदगांव	
2.	संतोष शर्मा (पटाक) पिता जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासी केशर नगर राजनांदगांव	
3.	पूजा शर्मा पति संतोष शर्मा (पटाक) निवासी-केशर नगर राजनांदगांव	
4.	रेखा सोनी पति ज्योति प्रकाश सोनी निवासी-भरकापारा, राजनांदगांव	
5.	हल्का पटवारी नं.-42	

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. लखोली
तह.व जिला राजनांदगांव

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/मंडी/के.नी./2023-24/1068 राजनांदगांव दिनांक-05.03.2024

केन्टीन सहपान दुकान की पुनः नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव के अनाज मंडी प्रांगण में केन्टीन सहपान दुकान की नीलामी दिनांक 21.03.2024 दिन गुरूवार समय दोपहर 2.00 बजे सम्पन्न कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने हेतु केन्टीन के कुल लागत का 12 प्रतिशत किराया वार्षिक निर्धारण अनुसार 6 माह की राशि 1,34,000.00 रूपये एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो सचिव कृषि उपज मंडी समिति के नाम से देय होगा। धरोहर के रूप में दिनांक 18.03.2024 दिन सोमवार समय शााम 5.00 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा, तथा मासिक किराया राशि 22300 न्यूनतम होगा। धरोहर राशि जमा होने के पश्चात ही नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु निर्धारित अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में मंडी कार्यालय में देखा जा सकता है।

टीपः- केन्टीन के लिये प्रबंध संचालक, मंडी बोर्ड रायपुर (छ.ग.) के परिपत्र क्रमांक-6026 दिनांक-29.01.2021 में अनुमोदित शर्ते क्रमशः 1 से 21 तक लागू होगी।

(इंदिरा नवीन सिंह)
भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी समिति, राजनांदगांव (छ.ग.)

संवाद-39918/1

(एस.के.चौरे)
सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, राजनांदगांव (छ.ग.)

तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.मा.क्रं.
बी-121 वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरोज यादव आ. स्व. वामन यादव निवासी शहर/ग्राम चिखली प.ह.नं....... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र हर्षित यादव आ. स्व. वामन यादव जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 20/03/2024 तक लिखित में स्वंय/अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 06/03/24 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 06/03/24
सुनवाई दिनांक 20/3/24

कार्यपालिक दंडाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-7
120-3 467-7
राजधानी
1-3-8
800-8 600-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया सांसद ने

o विधायक ने कहा-तीन वर्ष से बंद अंडर ब्रिज व एक वर्ष से बंद दुर्ग-गोंदिया को भी हरी झंडी दिखाए जिम्मेदार

o खबर का असर - बंद अंडरब्रिज मार्ग चालू करने व अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग प्रमुखता से की गई

डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद संतोष पांडे ने बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व रेलवे के आला अधिकारियों की उपस्थिति में सुपरफास्ट ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने डोंगरगढ़ वासियों को बधाई देते हुए रेल अधिकारियों को बदहाल रेल व्यवस्था व प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिस प्रकार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का डोंगरगढ़ में ठहराव किया गया है, और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।उसी प्रकार डोंगरगढ़ क्षेत्र वासियों की मूलभूत सुविधा से जुड़ी प्रमुख मांगों को भी हरी झंडी दिखाई जाए। ज्ञापन के माध्यम से विधायक द्वारा मांग की गई है कि दुर्ग गोंदिया लोकल ट्रेन जो विगत एक वर्ष से बंद है एवं डोंगरगढ़ की लाइफ लाइन कहे जाने वाले अंडर ब्रिज मार्ग जो बुधवारी से होकर कालका पारा की ओर जाता है को,जन भावनाओ का सम्मान करते हुए तत्काल प्रभाव से प्रारंभ किया जाए।

मोदी व सांसद का आभार जताया भाजपा कार्यकर्ताओं ने - वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के डोंगरगढ़ में ठहराव होने से पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रही सर्वधर्म की नगरी में निवासरत क्षेत्र वासियों व पर्यटकों को बड़ी सौगात मिली है। बिलासपुर से नागपुर तक चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन 6 मार्च से डोंगरगढ़ स्टेशन पर रुकने लगी है. रेलवे की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे , विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, श्रीमती नमिता त्रिपाठी मंडल रेल प्रबंधक/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर,दिलीप सिंह वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर,विशाल गर्ग, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक, नागपुर रेलवे की डीआरएम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे। वंदे भारत ट्रेन के डोंगरगढ़ पहुंचने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। और मोदी व सांसद का आभार जताया। उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।

अंडरब्रिज मार्ग व एक वर्ष से बंद लोकल ट्रेन को हरी झंडी दिखाएं जिम्मेदार- विधायक

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने मण्डल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर बदहाल हो चुकी रेल व्यवस्था की शिकायक करते हुए क्षेत्रवासियों के मूलभूत सुविधा से जुड़ी दो प्रमुख मांगों को भी हरी झंडी दिखाने की मांग की. विधायक द्वारा जिम्मेदार अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि विगत एक वर्ष से बंद गोंदिया दुर्ग मेमो ट्रेन फिर चालू की जाय। साथ ही विगत 3 वर्षो से बंद कर दिए गए बुधवारी - कालका पारा अंडर ब्रिज मार्ग को पुनः प्रारंभ किया जाए। जिससे आम जनों को सुविधा होगी व प्रभावित व्यापारियों को लाभ मिलेगा।

महंगी ट्रेन चलाने के साथ- साथ अन्य प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाए

विधायक श्रीमती बघेल द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि,डोंगरगढ़ सभी धर्मों के लिए तीर्थ स्थल जैसा है। और यहां एक महंगी ट्रेन चलाने की अपेक्षा भगत की कोठी, साईं नगर सुपर फ़ास्ट, संतरागाछी नांदेड़ और राजधानी जैसी और ट्रेनों का स्टॉपेज देने से आम जानता को लाभ मिलेगा।

कल महाकाल चंद्रमौलेश्वर जी की नगर भव्य शोभायात्रा एवं पगड़ी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर जी की नगर भव्य शोभायात्रा एवं पगड़ी यात्रा 8 मार्च को निकलेगी। पत्रकारवार्ता में संयोजक नीलू शर्मा, पवन डागा हेतल भोजाणी व दीपक चौहान ने बताया कि कल शुक्रवार को महाशिवरात्रि समय 3 बजे से नंदई कुंआ चौक से बसंतपुर थाना, सदर बाजार से भारत माता चौक से गंज लाइन से भरकापारा, काली माई मंदिर, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, हमाल पारा, गुड़ाखू लाइन, आजाद. चौक, महाकाल चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, इंद्रा नगर, नंदई चौक से मोहारा, सिंगदई, हल्दी, महाकाल मंदिर सिंघोला में समापन होगा। स्वास्तिक बैण्ड पार्टी, राऊत नाचा, आदिवासी नृत्य, नंदी में सवार होके भगवान भोलेनाथ की झांकी दुर्ग जिले के कलाकारो की भव्य झाँकी ब्रह्मा, विष्णु, महेश, माताजी, शिवगण, भूत-प्रेत, अघोरी, भजन गायक श्री अभ्यास यादव जी राजनांदगांव झांझ, डमरू, ढोल के साथ बाबा चन्द्र मौलेश्वर (महाकाल) पालकी यात्रा नगर भ्रमण डी.जे., झाँकी, पगड़ी और भगवान शिव जी की विशाल झाँकी समस्त कलाकार सेवक दुर्ग संभाग छत्तीसगढ़ से है।

एनसीईआरटी द्वारा तैयार जादुई पिटारा विषय और खिलौना आधारित शिक्षण पर शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन व जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के निर्देशन में एनसीईआरटी द्वारा तैयार जादुई पिटारा विषय और खिलौना आधारित शिक्षण शास्त्र पर राज्य स्तर पर प्रशिक्षित स्रोत व्यक्तियों द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिला के 9 विकासखंडो में विकासखंड स्तर पर प्रत्येक प्राथमिक शाला से एक-एक शिक्षकों का दो दिवसीय खिलौना आधारित प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण मे खिलौना आधारित शिक्षण शास्त्र में खिलौने के माध्यम से रोचक पूर्ण पढ़ाई और स्थानीय खेल खिलौने के महत्व को बताया गया। विद्यार्थियों को खिलौने के माध्यम से सीखने के लिए सक्रिय रखने में ज्यादा सहायता मिलती है, इसके तहत शिक्षक और विद्यार्थियों को स्व निर्मित स्वदेशी खिलौने को अपने विद्यालय में स्थान देना है। खिलौने के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता उत्सुकता कल्पनाशीलता के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। स्वदेशी खिलौने के माध्यम से विद्यार्थी अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ पाएंगे और उन्हें समझ पाएंगे। इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों एवं खिलौने के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा में सक्रिय रखने एवं सीखने सिखाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

बदलेगी तस्वीर रेलवे स्टेशन : 12 करोड़ रुपये की लागत से होगा डोंगरगढ़ स्टेशन का विकास, होगा यात्री सुविधाओं का विकास



o वंदे भारत एक्सप्रेस का यहाँ दिया गया ठहराव

o आने वाले 40-50 सालों के बढ़ते यातायात के दृष्टिगत किया जाएगा यह महत्वपूर्ण कार्य

डोंगरगढ़(दावा)। रेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी की जा रही है । इस कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 49 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 32 स्टेशनों का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के द्वितीय चरण में देश के 553 रेलवे स्टेशनों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 37 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 21 स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसमें डोंगरगढ़ स्टेशन भी शामिल था।

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को आने वाले 40-50 सालों के यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर इस वृहत कार्य की योजना बनाई गई है । डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है । रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा । रेलवे देश की लाइफ लाइन है । रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में देशभर के रेलवे स्टेशनों की कायापलट करने पर काम क?िया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है ।

यात्रियों की सुविधाओं के लिए अनेक निर्माण कार्य कराए जाएंगे - अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डोंगरगढ़ स्टेशन में विकास के अनेक कार्य कराये जाएंगे, जिसमें यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जायेगा। आगमन और प्रस्थान के लिये अलग मार्ग, चौड़ा फुट ओवरब्रिज, वाल पेंटिंग्स व म्यूरल्स में स्थानीय संस्कृति की झलक, आकर्षक कॉनकोर्स, वेटिंग हॉल में फर्नीचर्स, कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, आकर्षक पोर्च, पार्किंग्स की सुविधा, चौड़ा फुटपाथ, स्टेनलेस स्टील चेयर, अपग्रेडेड अनारक्षित टिकट और पैसेंजर रिज़र्वेशन सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साइनेज, स्टेशन परिसर में हाई मास्ट से प्रचूर लाइट , सीसीटीवी द्वारा निगरानी, बुजुर्ग, बच्चे एवं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए 04 लिफ्ट एवं 02 एस्केलेटर, गार्डन व मनमोहक लैंड स्केपिंग, आधुनिकता व परंपरा को एक साथ प्रदर्शित करता शानदार फसाड इत्यादि अत्याधुनिक सुविधायें यहाँ उपलब्ध होंगी ।

पर्यटकों को मिलेगी सुविधा

डोंगरगढ़ धार्मिक सद्भावना की नगरी है। यहां पर बहुत सारे धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल है, जिसमें शक्तिपीठ माँ बमलेश्वरी देवी का मंदिर, प्रज्ञागिरी बौद्ध मंदिर, चंद्रागिरी पहाड़ी पर स्थित जैन तीर्थंकर चंद्रप्रभु जी का प्राचीन मंदिर सहित अनेक पर्यटन स्थल अवस्थित है। डोंगरगढ़ स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विकास आने-वाले दिनों में यहां के पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। इसी श्रृंखला में बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदेभारत एक्सप्रेस का यहां ठहराव दिया गया है। इससे यात्रियों को इन पर्यटन स्थलों तक पहुंचने में अधिक सुविधा के साथ कम समय लगेगा। साथ ही डोंगरगढ़ के निवासियों के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित न्यायधानी बिलासपुर, दुर्ग, गोंदिया और नागपुर तक पहुँच आसान हो जाएगी।

इससे यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे, जिसका एक महत्वपूर्ण प्रतीक डोंगरगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य हैं।

एनपीपीएस, बल्देवबाग एवं एनएफएस का ग्रेजुएशन सेरेमनी सम्पन्न

NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL

राजनांदगांव(दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल, जयस्तंभ चौक व नीरज फाउंडेशन स्कूल, न्यू खण्डेलवाल कॉलोनी के केजी.2 के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के माहौल में 2 मार्च को एनबीआईएस.बोरी में ऐसे ही 5 मार्च को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग का ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजन बल्देबव बाग स्कूल मे सम्पन्न किया गया। सेरेमनी का आरंभ संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयीए श्रीमती सोनल बाजपेयीए एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में केजी.2 के बच्चों को शाला द्वारा विशेष वेशभूषा (हेट-गाउन) पहनाया गया। इस आयोजन में इन छोटे बच्चों द्वारा अंग्रेजी व हिन्दी में भाषण एवं गीत भी प्रस्तुत किए गए। उक्त भाषण एवं गीतों को कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा पंक्तिबद्ध एवं स्वरबद्ध किया गया था। उक्त गीतों में मात-पिता तुम्हें वंदन सुन पालक भाव-विभोर हो उठे। इस आयोजन में सभी पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी-2 से क्लास-1 में जाने पर शुभकामनाएं एवं अशीर्वाद दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते हुए अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है। नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण, शाला द्वारा दिया जायेगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना। इस सफल आयोजन के लिए श्री बाजपेयी ने शाला की पूरी टीम की सराहना की। इन पूरे कार्यक्रमों में नीरज फाउण्डेशन स्कूल में प्री.प्रायमरी की एच.एम. श्रीमती मधुजा शास्त्री एनपीपीएस, जयस्तंभ चौक एच.एम. श्रीमती स्नेहा तिवारी एवं एनपीपीएस, बल्देवबाग एच.एम. श्रीमती वैशाली सिंग सहित सभी स्कूलों की शिक्षिकाएं, प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई ने सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए सभी पालकों को उनकी इस उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत राजनांदगांव जिले के बच्चों ने किया मैत्री गार्डन का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के निर्देशन में जिले के विकासखंड डोगरगढ, छुरिया, डोगरगांव तथा राजनादगांव के प्रारम्भिक तथा माध्यामिक शालाओं के विद्यार्थियों ने मैत्री गार्डन भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चो ने वहाँ स्थित चिड़िया घर में वन्य पशुओं को विचरण करते हुए देखा इस अवसर पर बच्चों ने चिड़ियाघर में विभिन्न शेर, भालू, तेंदुआ, अजगर, बारहसिंगा, हिरण, मृग, कई प्रकार के बन्दर, कई प्रकार के चिड़िया, आदि जीव जन्तुओ को देखा और उनके बारे मे जानकारी प्राप्त की मैत्री बाग चिड़ियाघर के साथ बच्चो को पार्क का भ्रमण कराया गया। इस पार्क में कई गार्डन, झील, मानव निर्मित वाटरफॉल, म्यूजिकल फाउंटेन और टॉय ट्रेन भी है। साथ ही पार्क में एक स्तंभ भी है, जिसे प्रगति मीनार के नाम से जाना जाता है। यहां से मैत्री बाग और स्टील प्लांट का विहंगम नजारा देखने को मिलता है जिसे देख कर बच्चे काफी खुश और रोमांचित भी हुए और यह भ्रमण उनके लिये एक यादगार और आकर्षण का केंद्र रहा।

मोदी लहर में सांसद संतोष पाडे की दूसरी बार जीत अटल होगी - लीलाधर साहू

श्री साहू ने कहा- कांग्रेस को पांडे के मुकाबले प्रत्याशी उतारने में डर लग रहा है

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू ने सांसद संतोष पांडे को लोकसभा की लगातार दूसरी बार टिकट मिलने पर ह्रदय से बधाई दी है साथ ही उन्हें भारी बहुमत से जीतने की शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की विकास योजनाओं से जनता गदगद है और केंद्र में स्थाई सरकार चुनने के लिए मन बना चुकी है।

कांग्रेस को सोचना पड़ रहा है कि श्री पांडे के मुकाबले किसको चुनाव लड़ाया जाए उनमें प्रत्याशियों का सूखा पड़ा हुआ दिख रहा है तभी तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नांदगांव से लड़ने की खबर अखबारों की सुर्खियों में आ रही है। जैसे राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में गिरीश देवांगन की करारी हार डॉ. रमन सिंह के हाथों हुई वैसे ही भूपेश बघेल की करारी हार श्री पांडे के हाथों होगी अगर यकीन नहीं आता तो यहां से तो श्री बघेल यहां से उम्मीदवारी करके देख ले यह उनकी यह भाजपा की ओर से चुनौती है।

श्री साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के 50 साल के शासनकाल में देश कबका विकसित हो चुका होता। लेकिन भ्रष्टाचार ने देश को विकासशील तो दूर पिछड़े ही बनाए रखा था। 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार केंद्र में बैठी तब से देश तेजी से विकास करते हुए विकासशील कर रहा है। भाजपा का सपना देश के हर राज्य में डबल इंजन की यानी भाजपा की सरकार रहते हुए पूरे देश को विकसित किया जाए। इसके लिए मुहिम शुरू हो चुकी है। जिसमें जनता का सहभागी होना आवश्यक है। जनता से उम्मीद है कि वह कांग्रेस को मजबूत विपक्ष के लायक भी मत छोड़े ताकि वह विपक्ष में रहकर विकास निर्माण कार्यों में देश की विकास में बाधा बनती रहे। भाजपा को निर्वाध रूप से सेवा का मौका देने के लिए 450 से ज्यादा जितना जरूरी है।

जिला भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चे की बैठक का आयोजन किया गया

महिला व पुरुष को भाजपा का गमछा पहनाकर मोर्चे में किया शामिल - मो. इरफान शेख

राजनांदगाव (दावा)। गत दिनों 5 मार्च दिन मंगलवार 2024 को जिला भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चे के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोकसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। सुबह 10:00 बजे बैठक शुरू हुआ जिसमें राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़ छुईखदान गंडई और मोहला मानपुर चौकी जिले के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष उपस्थित हुए। जिसमें राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र स्तरीय स्नेह संवाद संबंधित चर्चा हुई। तत्पश्चात बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में 6 महिला व 1 पुरुष को भाजपा का गमछा पहनाकर अल्पसंख्यक मोर्चे में शामिल किया गया।

बैठक में विशेष तौर से मोहम्मद सद्दाम प्रदेश प्रभारी, डॉ. सलीम राजप्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा, शेख आसिफ राजनांदगाव प्रभारी, राहिल रउफी, राजेंद्र गोलछा जिला भाजपा महामंत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य मो. इरफ़ान शेख जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा , हाकिम खान दक्षिण मंडल महामंत्री,अकरम कुरैशी पूर्व राज्य मंत्री, तरुण लहरवानी दक्षिण मंडल अध्यक्ष, रफीक खान, राजू कुरैशी छुरिया जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, अमर लालवानी, शिव वर्मा, किसुन यदु, संगीता मिश्रा, ज़हीर अब्बास जिला महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, अफ़ज़ल खान, हैरी जोसेफ, अख्तर अली, इमरान बिबा, असलम खान, साक्षी भाटिया, आबिद मेमन, नदीम बड़गुजर, सलीम खान, श्रीमती सिम्मी अली, नासिर खान, तबरेज खान, राहुल भोईर, बबलू आदि सहित अल्पसंख्यक मोर्च के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री ज़हीर अब्बास जी ने दी हैं।

बरगा में 8 व 9 मार्च को जस झांकी गायन स्पर्धा

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम बरगा में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही 8 व 9 मार्च को दो दिवसीय जस व झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है। स्पर्धा के रचना पक्ष में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2001, तृतीय 1001, चतुर्थ 701 एवं पंचम पुरस्कार 501 रुपए रखा गया है। इसी के साथ ही झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001 एवं पंचम पुरस्कार 501 रुपए रखा गया है एवं महिला वर्ग प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए, द्वितीय 1501, तृतीय 1001 एवं चतुर्थ 501 रुपए रखा गया है। इसके साथ ही प्रत्येक मंडली को सदाबहार राशि से भी नवाजा जाएगा। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क झांकी व रचना वर्ग के लिए 251 एवं महिला वर्ग 151 रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता में सिर्फ 40 मंडलियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष खेमचंद पटेल ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए जिले की स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं

उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से स्वसहायता समूह, विभिन्न संगठनों की महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि जुड़े रहे। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों राजनांदगांव शहर के गांधी सभागृह एवं देवांगन भवन चिखली, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी एवं घुमका, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा और लालबहादुर नगर एवं नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, डोंगरगांव विकासखंड के नगर पंचायत सभागृह, छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमर्दा एवं नगर पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गांव एवं शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता विकास, महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता और शासकीय योजनाओं से जुड़ाव में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मातृशक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव के गांधी सभागृह में श्री नीलू शर्मा, श्री सुरेश एच लाल, श्री राजेन्द्र गोलछा सहित जिले में विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिला स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थित थी।

अनमोल दावा

> *वक्त के पास तुम्हारे सारे सपने गिरवी है, मेहनत का दाम चुकाओ और पा लो उन्हें।*

सोशल मीडिया मंचों के विस्तार के साथ ही जोखिम भी आ रहे हैं सामने

आमतौर पर हर क्षेत्र में तकनीक के प्रसार ने लोगों की रोजमर्रा की जरूरत से लेकर कई तरह की सुविधाओं तक पहुंच को आसान बनाया है। मगर तकनीकी विकास के दायरे में ही जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया में एक नया समाज बन रहा है, सोशल मीडिया के मंचों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे कई तरह के जोखिम भी सामने आ रहे हैं।

खासकर ऐसे लोगों के लिए खतरे ज्यादा हैं, जो इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया की प्रकृति को लेकर एक परिपक्व समझ नहीं रखते और कई बार आभासी दुनिया के संजाल में उलझ जाते हैं। पैसों की ठगी या बैंक खातों से पैसा निकाल लेने जैसे अपराधों से इतर डिजिटिल दुनिया की गतिविधियों के बीच रिश्तों में अपराध अब एक जटिल रूप में सामने आ रहा है।

हाल ही में दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक लड़की से उसके दोस्त ने बलात्कार किया, जो कुछ ही समय पहले सोशल मीडिया पर उसके संपर्क में आया था। इससे पहले भी ऐसी कुछ घटनाएं हुई हैं, जिनमें किशोर उम्र की लड़कियों को सोशल मीडिया पर हुई जान-पहचान के बाद बलात्कार जैसे जघन्य अपराध का शिकार होना पड़ा।

दरअसल, सोशल मीडिया के जरिए कई किशोर और युवा अपने संपर्कों और दोस्ती का विस्तार तो करते हैं, मगर अब वह सुरक्षित नहीं रह गया है। खासकर कुछ किशोरवय लड़कियां इसके संवेदनशील पहलुओं पर परिपक्व समझ नहीं रखतीं और भावुकता में लिए गए निर्णय की वजह से कई बार आपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों की चाल में फंस कर खुद को खतरे में डाल लेती हैं।

विवेक और परिपक्वता के कमजोर धरातल पर खड़ी लड़कियों को इसका खमियाजा ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। विडंबना है कि जो सोशल मीडिया दुनिया को जानने-समझने का जरिया होना चाहिए था, उसके लापरवाह या फिर बेजा इस्तेमाल ने इसे अपराध के एक अड्डे की शक्ल देना शुरू कर दिया है।

इस आभासी माध्यम पर अगर कभी दो लोग आपस में जुड़ते हैं, तो एक-दूसरे को जान-समझ पाने की स्थितियां वैसी नहीं बनतीं, जो वास्तविक जीवन की दोस्ती या संबंधों में होती हैं। आभासी संसार में हुई दोस्तियों में भी वास्तविक दुनिया की दोस्ती की संवेदना की खोज अक्सर मृग मरीचिका साबित होती है।

भारत रत्न पुरस्कारों के एवज में राजनीतिक बंदरबांट

भारत रत्न अब प्रदान नहीं किया जा रहा बल्कि बांटा जा रहा है जिस से इस का महत्व खत्म हो रहा है. आम लोगों की दिलचस्पी भी इस से कम हो रही है. इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को दिए जाने के कोई पैरामीटर्स भी नहीं है., इसलिए भी इस का औचित्य खत्म हो रहा है.

दिग्गज भाजपा नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न देने पर उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया नहीं हुई. विपक्ष के तमाम नेता ईडी से बचने के जुगाड़ और भागादौड़ी में लगे हैं. ऐसे में वे इस फैसले पर प्रतिक्रियाहीन बने रहने में ही अपना भला महसूस कर रहे हैं. लेकिन जिस जनता के बिहाफ पर भारत रत्न और पद्म पुरस्कार सहित दूसरे छोटेबड़े सरकारी पुरस्कार व सम्मान दिए जाते हैं, उस जनता के दिलोदिमाग पर भी भारत रत्न के ऐलान का कोई खास असर नहीं हुआ.

इस घोषणा के 11 दिनों पहले जब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा हुई थी तब जरूर थोड़ी हलचल हुई थी. लेकिन अधिकतर लोगों को खासतौर से युवाओं के जेहन में यह सवाल आया था कि अब ये कर्पूरी ठाकुर कौन हैं और इन्होंने देश के लिए ऐसा क्या किया है कि उन्हें यह सब से बड़ा सम्मान प्रदान किया जा रहा है.

यह घोषणा बिहार और उत्तर प्रदेश के समाजवादी दलों और कुछ पिछड़ों को ही थोड़ी रास आई थी लेकिन लालकृष्ण आडवाणी के बारे में गिनाने के लिए हिंदूवादियों के पास इतना ही है कि उन की कोशिशों के चलते राममंदिर बन पाया और देश हिंदू राष्ट्र होने की तरफ बढ़ रहा है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुरस्कार को देने की घोषणा के साथ वजह बताने की कोशिश भी सोशल मीडिया प्लेटफौर्म एक्स पर की थी कि एल के आडवाणी का देश के विकास में अहम योगदान रहा है. यह योगदान क्या था, किसी की समझ नहीं आया, न ही इस बाबत नरेंद्र मोदी ने कोई उदाहरण पेश किया.

इस से आम लोग भी असमंजस में दिखे जिन्हें यह रटा पड़ा है कि वे 80-90 के दशक में भाजपा और राममंदिर आंदोलन के पोस्टरबौय थे. विश्वनाथ प्रताप सिंह की मंडल राजनीति की काट उन्होंने कमंडल की राजनीति से की थी जिस के एवज में आज नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं. भगवा राजनीति में आडवाणी को मोदी का गुरु माना जाता है क्योंकि गोधरा कांड के बाद उन्होंने ही मोदी की पीठ थपथपाई थी जबकि भाजपा के दूसरे दिग्गज प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी तो मोदी को राजधर्म की याद दिला रहे थे.

गलत नहीं कहा जा रहा कि शिष्य ने गुरु को दक्षिणा दे दी लेकिन इस के एवज में नरेंद्र मोदी आडवाणी से काफीकुछ छीन भी चुके हैं. 22 जनवरी के अयोध्या शो में आडवाणी को न आने देने पर उन की आलोचना हुई थी और इस बार चूंकि यह भगवा कुनबे के अंदर से ज्यादा हुई थी, इसलिए उन्होंने आडवाणी को भारत रत्न दे कर अपने मन का गिल्ट दूर कर लिया, बशर्ते वह रहा हो तो, नहीं तो यह एक खामखां का ही फैसला लगता है जिस से किसी को कुछ मिलना जाना नहीं है. हां, कुछ सहूलियतें जरूर 96 वर्षीय आडवाणी को मिल जाएंगी.

अभी इन 2 नामों पर चर्चा खत्म भी नहीं हुई थी कि नरेंद्र मोदी ने 3 और नए नामों की घोषणा कर दी. ये थे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन, तीसरे नाम का तो सभी ने स्वागत किया लेकिन पहले 2 नामों पर मिलीजुली प्रतिक्रिया हुई. नरसिम्हा राव के बेटे प्रभाकर राव ने खुशी मिश्रित हैरानी जताते हुए कहा कि यह सम्मान तो उन्हें 20 साल पहले ही मिल जाना चाहिए था. चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, जो लगभग भगवा रंग में रंग चुके हैं, ने कहा कि दिल जीत लिया. पूर्वजों पर वास्तविक गर्व स्वामीनाथन की बेटी सौम्या रंगनाथन ने किया जिन्होंने तथ्यात्मक तरीके से बताया कि उन के पिता हरित क्रांति के जनक क्यों कहे जाते हैं.

एक तीर से दो निशाने

नरेंद्र मोदी नरसिम्हा राव को भारत रत्न दे कर यह जताने की कोशिश करते नजर आए कि वे छापे पड़वाने में भेद भले करें लेकिन पुरस्कारों व सम्मानों के मामले में भेदभाव नहीं करते हैं. इस से उन्होंने एक तीर से दो निशाने साध लिए, अब जो लोग चरण सिंह के नाम पर एतराज जताते उन्हें पहले यह सोचना पड़ता कि अगर उन्होंने देश के लिए कुछ नहीं किया था तो नरसिम्हा राव ने कहां का कमाल कर दिया था. थोक में एक साल में पांचपांच भारत रत्न बांट कर आम चुनाव में अपनी पकड़ मजबूत करने की उन की कोशिश कितनी कामयाब हुई। यह तो नतीजे बताएंगे लेकिन यह जरूर अभी पता चल गया कि वोट हासिल करने के लिए भी भारत रत्न उदारतापूर्वक वितरित किया जा सकता है.

कर्पूरी ठाकुर के पहले भी जिन 49 हस्तियों को यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया, यह जरूरी नहीं वे सभी इस के सच्चे हकदार थे या रहे होंगे. दरअसल भारत रत्न देने का कोई तयशुदा पैमाना या पैमाने नहीं हैं. यह सरकार यानी प्रधानमंत्री की इच्छा पर निर्भर करता है कि किसे यह दिया जाना फायदे का सौदा साबित होगा.

दौर दक्षिणपंथियों का है, लिहाजा, वे अपने हिसाब से रेवड़ियां बांट रहे हैं. यही अपने दौर में कांग्रेस करती रही थी. इस लिहाज से तो बात बराबर हो जाएगी वाली शैली में खत्म हो जाना चाहिए, लेकिन यह दलील ठीक वैसी ही है कि उस ने गलती की या जनता के वोट का मनमाना इस्तेमाल किया तो हम भी क्यों न करें.

भगवा गैंग हमेशा ही कांग्रेस पर यह आरोप लगाता रहा है कि उस ने पुरस्कारों का राजनीतिकरण किया और भारत रत्न नेहरू-गांधी परिवार के सदस्यों को दिए, साल 1955 में जब तत्कालीन राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को भारत रत्न देने की घोषणा की थी तब कोई खास हलचल नहीं हुई थी. नेहरू तब प्रधानमंत्री थे, इसलिए यह मान लिया गया कि उन्होंने खुद को ही इस खिताब से नवाज लिया था. यहां मकसद नेहरू की उपलब्धियों का बखान करना नहीं लेकिन कोई भी इस सच से मुंह नहीं मोड़ सकता कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में आधुनिक भारत की नींव रखी थी.

वह नजारा कितना दिलचस्प रहा होगा, इस का आज अंदाजा लगा पाना मुश्किल है. 13 जुलाई, 1965 को नेहरू यूरोप और रूस के दौरे से वापस लौटे थे तो प्रोटोकौल तोड़ते खुद राजेंद्र प्रसाद उन के पास पहुंचे थे और एयरपोर्ट पर उन का स्वागत किया था. रात के भोज में राष्ट्रपति ने नेहरू को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया था.

बकौल राजेंद्र प्रसाद, नेहरू हमारे समय के शांति के सब से बड़े वास्तुकार हैं. उन्होंने संभावित विरोध को आंकते भारत रत्न के बारे में यह भी कहा था कि यह कदम मैं ने स्वविवेक से अपने प्रधानमंत्री की अनुशंसा के बगैर व उन से किसी सलाह के बिना उठाया है. इसलिए एक बार कहा जा सकता है कि यह निर्णय अवैधानिक है लेकिन मैं जानता हूं कि मेरे इस फैसले का स्वागत पूरे उत्साह से किया जाएगा.

जानने वाले ही जानते हैं कि डाक्टर राजेंद्र प्रसाद न तो हिंदू कोड बिल पर नेहरू से इत्तफाक रखते थे और न ही धार्मिक मुद्दों पर उन से सहमत थे. जब राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद वहां गए थे तब भी नेहरू ने एतराज जताया था. एवज में राजेंद्र प्रसाद ने लंबाचौड़ा पत्र उन्हें बहुसंख्यक हिंदुओं की भावना के बाबत लिखा था और नेहरू की बात नहीं मानी थी. संसद में हिंदू कोड बिल के पेश होने के बाद भी राजेंद्र प्रसाद ने पत्र लिख कर एतराज जताया था.

राजनेताओं को भारत रत्न

7 दशकों बाद भी इन बातों के अपने अलग माने हैं कि विकट के वैचारिक और धार्मिक मतभेद होने के बाद भी राजेंद्र प्रसाद, नेहरू की उपलब्धियों और प्रतिभा की अनदेखी नहीं कर पाए थे. नेताओं में एकदूसरे के प्रति सहज सम्मान का भाव था. इस पैमाने पर तो नरेंद्र मोदी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी को इस खिताब से नवाजना समझ आता है लेकिन वे आडवाणी की उपलब्धियां नहीं गिना पाए इस पैमाने पर लगता है कि अब तमाम पुरस्कार निरर्थक और वोटों की राजनीति के शिकार हो चले हैं, इसलिए अपना औचित्य, महत्व और गरिमा भी खो रहे हैं.

हालांकि इस की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी जब उस ने साल 2014 में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को यह सम्मान बख्शा था. सचिन किसी भी एंगल से इस के लायक नहीं थे. अच्छा क्रिकेट खेलने के एवज में उन्हें कई दूसरे राष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे. अहम बात यह है कि हरेक मैच के बदले उन्हें तगड़ी फीस मिलती थी. उन्होंने देश के लिए कुछ नहीं किया, सिवा इस के कि करोड़ों लोगों का वक्त बरबाद किया जो दूसरे किसी उत्पादक काम में लग सकता था.

भारत रत्न सचिन इश्तिहारों से भी पैसा कमाते हैं. कम हैरत की बात नहीं कि राष्ट्रीय खेल हौकी में दुनियाभर में अपना लोहा मनवाने वाले मेजर ध्यानचंद की तरफ अभी तक किसी का ध्यान नहीं गया. उन के प्रशंसक जबतब उन के लिए इस सर्वोच्च सम्मान की मांग करते रहते हैं. अगर किसी खिलाड़ी को देना ही था तो भारत रत्न के सही हकदार ध्यानचंद ही थे जिन्होंने आर्थिक अभावों में रहते भारतीय हौकी का परचम लहराया था.

जिस तरह राजेंद्र प्रसाद ने जवाहरलाल नेहरू को भारत रत्न दिया था उसी तरह 1971 में तत्कालीन राष्ट्रपति वी वी गिरी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भारत रत्न दिया था. तब भी आरोप यही लगे थे कि इंदिरा ने खुद ही प्रधानमंत्री रहते यह पुरस्कार ले लिया. हालांकि तब वजह यह बताई गई थी कि इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से बंगलादेश को अलग करवाने में अहम भूमिका निभाई थी.

अब वर्तमान में दिए गए अवार्ड में ऐसी कोई वजह आडवाणी, कर्पूरी ठाकुर या दूसरे किसी राजनेता को भारत रत्न देते वक्त सामने नहीं आई. 1957 में गोविंद वल्लभ पंत और फिर 1998 में लोकनायक के नाम से मशहूर जयप्रकाश नारायण को भारत रत्न देना राजनीति से ही प्रेरित था. हां, लाल बहादुर शास्त्री इस के हकदार जनता के पैमाने पर थे जिन्हें यह सम्मान 1966 में दिया गया था. उन के पहले 1962 में राजेंद्र प्रसाद को भारत रत्न दिया जाना एक तरह से रिटर्न गिफ्ट था क्योंकि उन्होंने नेहरू को यह सम्मान दिया था. इसी तरह कांग्रेस ने वी वी गिरी को भी भारत रत्न रिटर्न गिफ्ट साल 1975 में दिया था.

इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान की प्रतिष्ठा तो यहीं से गिरनी शुरू हो गई थी जब इस को एक्सचेंज किया गया था. यानी तब तक यह कांग्रेसियों द्वारा कांग्रेसियों के लिए ही था. 1976 में के कामराज जैसों को तो यह यों ही दे दिया गया था, जिन्होंने कांग्रेस को खासतौर से दक्षिण में मजबूत करने का काम किया था.

राजर्षि के नाम से जाने वाले पुरुषोत्तम दास टंडन को 1961 में भारत रत्न किस बिना दिया गया था, यह समझ से परे है. अगर फ्रीडम फाइटर होना इस की वजह थी तो ऐसे हजारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इस काबिल थे जिन्होंने छोटेमोटे काम, समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में किए थे. उन्हें भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया?

पहली बार 1954 में भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी और भौतिक शास्त्री डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमण को दिए गए थे तब इस की कोई खास अहमियत नहीं थी. साल 1955 में सिविल इंजीनियरिंग के जनक डा. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को भारत रत्न दिया गया था. तब ऐसा लगा था कि यह कला, साहित्य, विज्ञान और लोकसेवा के क्षेत्रों में ईमानदारी से दिया जाएगा लेकिन उन के साथ ही डाक्टर भगवानदास को भी भारत रत्न दिया गया था तो साफ हो गया था कि कांग्रेस सरकार अपनी खुदगर्जी पूरी करने के लिए मनमरजी भी इस की आड़ में कर रही है.

डाक्टर भगवान दास ने भी आजादी की लड़ाई लड़ी थी और वे समाजसेवी भी थे लेकिन चूंकि उन्होंने पहली सरकार में कोई पद लेने से मना कर दिया था यानी त्याग किया था, इसलिए उस की भरपाई उन्हें भरत रत्न दे कर कर ली गई. यह असल में नरेंद्र मोदी की आडवाणी को ले कर मन की ग्लानि दूर करने जैसी बात भी थी. इसे प्रायश्चित्त भी कहा जा सकता है जिस का विधान धर्मग्रंथों में इफरात से है कि कोई गलती या पाप हो जाए तो ऐसा या वैसा कर यानी कुछ दानदक्षिणा लेदे कर गिल्ट दूर कर लो. इस से दूसरा फायदा लोकनिंदा से बचने का भी होता है.

इसी लोकनिंदा से बचने के लिए साल 1991 में भारत रत्न देने की घोषणा की गई तो राजीव गांधी के साथ में मोरारजी देसाई और वल्लभभाई पटेल के नाम भी घोषित किए गए थे. अब अगर कोई या सवाल करता कि राजीव गांधी को यह क्यों तो जवाब यह होता कि मोरारजी देसाई और वल्लभभाई पटेल को भी तो दिया है और सच में किसी ने कोई सवाल उन के नाम पर नहीं किया था.

भारत रत्न की अहमियत

अगर वैज्ञानिकों और कलाकारों सहित दूसरे क्षेत्रों की कुछ हस्तियों को छोड़ दें तो सही माने में भारत रत्न के जो नेता हकदार थे उन में एक नाम भीमराव अंबेडकर का भी है लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री पद की कुरसी संभालते ही पद्म पुरस्कारों की तरह भारत रत्न की अहमियत गिराने में भी नरेंद्र मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी. 2015 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न देने का फैसला कतई हैरान कर देने वाला नहीं था बल्कि यह अपने सियासी पुरखों का पुण्य स्मरण और श्रद्धांजलि कांग्रेस की तर्ज पर थी.

लेकिन इसी साल मदन मोहन मालवीय को भी इसी सम्मान से नवाजा जाना साबित कर गया था कि इस सम्मान का कोई पैरामीटर नहीं है. इस खामी का बेजा इस्तेमाल कांग्रेस ने भी किया था. महामना अर्थात महान आत्मा के खिताब से नवाजे गए पंडित मदन मोहन मालवीय का बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना में सहयोग के अलावा देश के लिए एक बड़ा योगदान यह भी था कि उन्होंने कभी कांग्रेस छोड़ कर हिंदू महासभा जैसी कट्टरवादी हिंदू पार्टी बनाई थी.

आज जो कट्टरवादी पत्रकारिता फलफूल रही है उस का जनक भी उन्हें भी न कहना अतिशयोक्ति होगी. हिंदी हिंदू हिंदुस्तान के जरिए हिंदू राष्ट्र की अवधारणा भी उन्हीं की दी हुई है. जिस के सपने मंदिरों के जरिए साकार करने की कोशिश आज भगवा गैंग कर रहा है.

कांग्रेस ने तो कभी किसी हिंदूवादी को भारत रत्न नहीं दिया लेकिन साल 2019 में नरेंद्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को यह पुरस्कार दे कर चौंकाने की कोशिश की थी. एक हार्डकोर कांग्रेसी कहे जाने वाले प्रणब मुखर्जी ने, दरअसल, आरएसएस के दफ्तरों में जाना शुरू कर दिया था और खुद के कभी प्रधानमंत्री न बन पाने का जिम्मेदार नेहरू-गांधी परिवार को ठहराना शुरू कर दिया था.

मोदी को कांग्रेसियों की जरूरत

कांग्रेसमुक्त भारत का नारा देने वाले मोदी को ऐसे कांग्रेसियों की सख्त जरूरत आज भी रहती है जो गांधी परिवार को कोसें और हिंदुत्व से रजामंदी रखें. यह डील परवान चढ़ पाती, इस के पहले ही प्रणब मुखर्जी का निधन हो गया. अब हर कभी उन की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी के कांग्रेस में जाने की अफवाह उड़ती रहती है जो 5 फरवरी को जयपुर लिटरैचर फैस्टिवल में यह कहती नजर आ रही थीं कि वे भी पिता की तरह हार्डकोर कांग्रेसी हैं लेकिन कांग्रेस को राहुल गांधी और गांधी परिवार से इतर भी कुछ सोचना चाहिए, संसद में 370 सीटों की दावेदारी ठोक चुके मोदी को ऐसे कांग्रेसियों की दरकार है जो कांग्रेस में रहते सोनिया- राहुल को कोसते रहें, नहीं तो ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसों की तरह भाजपा में शामिल हो जाएं.

चूंकि प्रणब मुखर्जी बड़ा नाम थे और विभीषण बनने की राह पर पहला पांव रख चुके थे, इसलिए उन्हें भारत रत्न दे देना घाटे का सौदा कहीं से नहीं था. घाटे का सौदा तो यह कर्पूरी ठाकुर या आडवाणी को देने से भी नहीं है जिन्हें एवज में मुफ्त रेलयात्रा जैसी कुछ मामूली सहूलियतों के साथ सरकारी आयोजनों में कुछ विशिष्ट हस्तियों के साथ बैठने का मौका मिल जाएगा. लेकिन जब वे उम्र और अशक्तता के चलते अयोध्या राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जा पाए या नहीं जाने दिए गए तो किसी और आयोजन में क्या जा पाएंगे.

रहा सवाल भारत रत्न का तो वह एमएस स्वामीनाथन जैसे कर्मठ और देश के लिए कुछ कर गुजरने वालों को ही दिया जाना चाहिए जिस के लिए कुछ तयशुदा पैमानों का होना भी जरूरी है. नहीं तो यह रिवाज ही खत्म होना चाहिए जिस से कम से कम उस जनता को कुछ हासिल नहीं होता जिस का प्रतिनिधित्व सरकार करती है.

- भारत भूषण
सरिता से साभार

मन में बसे हैं राम 87: शिव धनुष नहीं उठा पाने से हताश और क्षुब्ध हुए अनेक राजा

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय

विचार सरिता

जब राजाओं के शिव धनुष तोड़ने के लिए सामने आने का क्रम रुक गया तो महाराज जनक चिंतित हो उठे। उन्हें पश्चाताप होने लगा कि क्यों उन्होंने सीता के विवाह के लिए ऐसे स्वयंवर का आयोजन किया, क्योंकि उनकी पुत्री सीता अद्वितीय है और उसके लिए सुयोग्य वर इस पृथ्वी पर ढूंढ़ पाना असंभव ही है। वे सोचने लगे, ''यह बात पहले मेरे ध्यान में क्यों नहीं आई और मैं इस धरती के राजाओं से अपनी पुत्री के योग्य होने की अपेक्षा कैसे कर बैठा था?''

उधर सभा में फिर कोलाहल होने लगा। स्वयंवर की शर्त पूरी नहीं कर पाने की अपनी हताशा, झुंझलाहट और क्षोभ को कई राजा छिपा नहीं पा रहे हैं।उनमें आपस में फिर कानाफूसी होने लगी।''शिव तो भगवान हैं, उनके दैवीय धनुष को लेकर राजा जनक को ऐसी असंभव शर्त नहीं रखनी थी कि कोई मनुष्य पूरी ही न कर सके।'' एक राजा ने कहा।

एक दूसरे राजकुमार ने कहा, ''अगर ऐसा है तो क्या राजा जनक ने हमें अपमानित करने के लिए यहां बुलाया है? वे अपनी पुत्री का स्वयंवर करना चाहते हैं कि हमारी ऐसी परीक्षा लेना चाहते हैं, जिसमें केवल और केवल असफल होना लिखा है।''

एक राजकुमार ने दबे स्वर में दुःसाहस करते हुए कहा, ''अब राजकुमारी का विवाह तो आज होना ही है और क्या शिव धनुष नहीं उठाया जा सका तो उनका विवाह ही नहीं होगा? लगता है मुझे अपने शौर्य और बाहुबल का प्रदर्शन करना होगा। सीता ने मेरा वरण नहीं किया, तो क्या, मैं अपने बल से उसका वरण करता हूं।'' उस राजकुमार ने उठने का प्रयत्न किया।

''मूर्खता मत करो। जनक केवल शक्तिशाली राजा नहीं हैं, बल्कि ब्रह्म ज्ञानी भी हैं और वे स्वयं में एक सिद्ध ऋषि मुनि से कम सामर्थ्य नहीं रखते हैं।'' एक दूसरे राज्य के राजकुमार ने उसे रोकते हुए समझाया।

''उचित यही होगा कि चुपचाप देखते जाओ, आगे क्या हो रहा है।'' एक समझदार राजकुमार ने कहा।

महाराज जनक की सेना के अनेक अधिकारी उपस्थित राजाओं और राजकुमारों की सुरक्षा के लिए नागरिक-वेश में उनके बीच उपस्थित हैं। जहां से कोलाहल हो रहा था, उधर उन्होंने अपनी आंखें तरेरीं और फिर शांति छा गई।

महर्षि विश्वामित्र मौन हैं।श्री राम मुस्कुरा रहे हैं और लक्ष्मण हतप्रभ हैं।

''भैया मैंने तो सुना था कि हमारा देश शूरवीरों और शक्तिशाली राजाओं का देश है और यहां तो बात विपरीत दिखाई दे रही है। अब मुझे प्रतीत होता है कि आपका समय आ गया है।'' उन्होंने श्री राम से कहा।

''शांत रहकर प्रतीक्षा करो लक्ष्मण! उधर देखो, महाराज जनक कुछ बोलने के लिए तत्पर हैं।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस मौलिक रचना में रामकथा का मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

राशिफल

मेष
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। आपको बस थोड़ा संयम रखने की जरूरत है। आपको अपनी मान-प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। आप किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ
आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। कोई बड़ा काम संतान की मदद से पूरा हो जाएगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को माता-पिता के साथ आप किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। किसी अपने से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए।

मिथुन
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके काम बनते-बनते रूक सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। आपको कोई भी कार्य करने से पहले अपने से बड़ों की राय जरूर लेनी चाहिए। इससे आपको लाभ होगा। किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा को बदल सकती है।

कर्क
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी काम में भागदौड़ थोड़ी अधिक हो सकती है। बच्चों के स्कूल-कॉलेज से जुड़े कुछ कागज बनवाने पड़ सकते हैं। आपको किसी से मदद भी मांगनी पड़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य से आपकी थोड़ी अनबन हो सकती है। आप अपने खर्चों को लेकर सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं।

सिंह
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम से निपट लेने के बाद आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बिता सकते हैं। इस राशि के कारोबारियों को किसी से जरूरी मुलाकात करनी पड़ सकती है। धन के मामले में स्थिति ठीक रहेगी।

कन्या
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके सारे काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ है। आपको मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब अपॉर्चुनिटी भी मिल सकती है।

तुला
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। घर पर अचानक से कोई मित्र आ सकता है। आप उसके साथ घर पर लंच का आनंद ले सकते हैं। आप किसी टूर पर जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

वृश्चिक
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ जाएगा। आसपास के लोगों से आपको मदद मिल सकती है। आपको व्यवसाय के क्षेत्र में भी लाभ मिलने की पूरी उम्मीद है। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिलेगी।

धनु
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपके सामने कोई भी चुनौती टिक नहीं पाएगी। आपको किसी सेमिनार में बतौर अतिथि बुलाया जा सकता है। वहां लोग आपके व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे। शाम को आप जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

मकर
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के काम में आपके सामने कई चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। अपने भविष्य के बारे में थोड़ा विचार करने की जरूरत है।

कुंभ
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिले रहेंगे। लोग आगे से चलकर आपसे बात करना चाहेंगे। किसी प्रिय मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है। आपको नए स्रोतों से धन की प्राप्ति हो सकती है। प्रेम-प्रसंग के प्रति आपका झुकाव हो सकता है।

मीन
आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आप किसी समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है। आपको अपने बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए।

बड़भूम, नवागांव, कापा में बेधड़क संचालित हो रहा अवैध ईट भट्ठा

राजेश मेश्राम

जोंधरा (दावा)। डोंगरगाव विकासखण्ड के आश्रित ग्राम बड़भूम और चारभाठा नवॉगाव में पिछ्ले पन्द्रह सालो से अवैध ईट भट्ठो का संचालन खुज्जी से देवरी मुख्य मार्ग में ही महज 50 कलोमीटर की दूरी पर किया जा रहा है। पर आज पर्यन्त इन भट्ठो के मालिको पर किसी तरह की कार्यवाही ना होने से इनके हौसले बुलन्द है और गुणवश्रा हीन ईटो को मनमानी कीमत मे बेचकर करोडो की कमाई की जा रही है । आश्चर्य की बात तो यह है कि जिले की खनिज विभाग किस आधार पर इन्हे भारी कमाई करने का मौका दे रहा है, ना तो इनके पास पालुशन विभाग का सर्टिफिक्रेट है, और ना ही जिस जमीन पर ये ईट बना रहे है उसका रजिस्टेशन है, और ना ही इन्होने उसे कमर्शिल ही करवाया हुआ है, और ना ही इनके द्वारा रखे गये मजदूरो के साथ कोई श्रमिक कानून का पालन ही किया जा रहा है बावजुद इसके खनिज विभाग इन्हे ईट बेचने और बनाने की अनुमति कैसे प्रदान कर सकता है।

गुणवत्ताहीन ईटों से करोड़ों की कमाई

खनिज विभाग की भूमिका संदिग्धः- किसी भी ईट भट्ठा संचालक के पास इन सभी वैध दस्तावेज का होना आवश्यक है, जब इनके पास ये दस्तावेज है ही नही, बावजूद इसके ये दस प्रन्दह वर्षो से बतौर ईट भट्ठा मालिको की हैसियत से ये कैसे संचालित कर पा रहे है निश्चय ही खनिज विभाग की विशेष कृपा इन पर बनी हुई है।

ईट बनाने के लिए मिट्टियों का ढेर, पर कही से नही ली अनुमतिः- ईट भटठा संचालको को ईट निर्माण हेतु मिट्टियों की जरुरत होती है, और मिट्टियां की खुदाई करने से पहले शासन से अनुमति लेना आवश्यक होता है पर इन अवैध कारोबारीयो ने अब तक काई परमिशन शासन से मिट्टी खुदाई के लिए नही ली है । क्या ये पूछना की मिट्टी कहॉ से लाये खनिज विभाग के दायरे मे नही आता? और यदि हॉ तो इन अवैध कारोबारियो को क्यो नही पूछा गया और इन पर कोई कार्यवाही क्यो नही की गई?

कीमत निर्धारित नही-अवैध रूप से बना ये अवैध ईट भट्ठे के मालिक ईटो का निर्माण कर उन्हे मनचाही कीमत में बेच रहे है प्रतिनिधि ने बड़भूम में संचालित ईट भट्ठा के संचालक दिनेशा चक्रधारी से 100 ईट की कीमत जाननी चाही तो उन्होने बताया कि जगह पर 5000 रूपये प्रति हजार में दे रहे है। जबकि ईटो को सामान्य जलाऊ लकड़ी और धान की भूसी से पकाया जा रहा है। जो दिखने में पकने के बाद लाल दिखाई देता है पर अधपका होता है जो थोड़े से चोट लगने पर क्षतिग्रस्त हो जाता है।

खनिज विभाग की भी स्वीकृति नही - बड़भूम में संचालित ईट भट्ठा के मालिक दिनेश चक्रधारी ने प्रतिनिधि को बताया कि उनके पास खनिज विभाग की भी स्वीकृति नही है। उन्होने बताया कि खनिज विभाग के अधिकारियों ने उन्हे बताया कि उन्हे उक्त कार्य हेतु लाइसेंस की आवश्यकता नही है।

क्षेत्र में इनके द्वारा किया जा रहा संचालन - दिनेश चक्रधारी बड़भूम, प्रभुराम पाडे बड़गांव चारभांठा, नवागावं राजेन्द्र चक्रधारी, कापा एवं नवागांव राजेश चक्रधारी, द्वारा अवैध रूप से बेखौफ ईट भट्ठो का संचालन किया जा रहा है। पर अभी तक खनिज विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी है। ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि खनिज विभाग द्वारा इनके ऊपर क्या कार्यवाही की जायेगी?

मोक्षधाम सांकरदाहरा में तीन दिवसीय मंड़ई मेला आज से

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

डोंगरगांव (दावा)। प्रदेश में राजिम के बाद दूसरे प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध सांकरदाहरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर तीन दिवसीय मंड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ कल 7 मार्च से होगा। दूसरे व तीसरे दिन 8 व 9 मार्च को विशाल मेला का आयोजन किया गया है। जबकि, सांकरदाहरा के पवित्र प्रागंण में एक सप्ताह पूर्व से श्रीमद् भागवत कथा की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव नगर से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण पूर्व में ग्राम पांगरीकला, देवरी, कन्हारपुरी के सरहद पर राजनांदगांव के लिए जीवनदायिनी शिवनाथ नदी बहती है। इसी नदी पर प्रसिद्ध तीर्थस्थल सांकरदाहरा स्थित है। जो पर्यटन की दृष्टि से प्रसिद्ध तो है ही, नदी के दोनों छोरों पर तथा नदी के बीच में विशाल चट्टान पर स्थापित भव्य विशालकाय शिवजी का प्रतिमा सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बना हुआ है। इसके अलावा इस पवित्र स्थल में वहीं दुर्गा माता, शीतला माता, सतबहिनी माता का आकर्षक मंदिर है, जहां साल में बारहों महीने पानी भरा रहता है। उक्त स्थल पर यात्रियों के लिए मंदिर में आने जाने हेतु नाव की व्यवस्था है, अस्थि विसर्जन हेतु पूजा पाठ करने वाले पंडित तथा मुण्डन संस्कार हेतु नाई की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 8 दिवस तक श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ एवं 3 दिन तक मेला मंडई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वर्तमान में अयोध्या निवासी जगदगुरू गणेशाचार्य लाल बाबा द्वारा कथा वाचन जारी है। उक्त कथा का लाभ लेने भारी संख्या में श्रद्धालुगण प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं। समिति के अध्यक्ष दयालदास साहू ने बताया कि पूर्व में सांकरदाहरा में मेला एक दिन का होता था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद यहां तीन दिवसीय मेला का आयोजन विगत दो वर्षों से हो रहा है। इसके शासन की ओर से प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख रू. अनुदान स्वरूप प्राप्त हो रहा है। उन्होनें बताया कि पहले दिन शाम 7 बजे से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृति कार्यक्रम रंग झरोखा का कार्यक्रम होगा। द्वितीय दिवस रंग धरोहर तथा तीसरे दिन रात्रि 10 बजे से पंडवानी नाचा गम्मत का रंगारंग कार्यक्रम होगा। समिति के अध्यक्ष श्री साहू के अनुसार प्रथम दिवस के कार्यक्रम में बतौर अतिथि क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू उपस्थित रहेंगे तथा समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव अतिथि रहेंगी। विज्ञप्ति अनुसार समस्त आयोजनों में समिति के अध्यक्ष दयाल दास साहू, उपाध्यक्ष मनोहर वैष्णव, हेमूराम माली, सचिव राजेन्द्र माली, अंकेक्षक गोपाल साहू, कोषाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, सहसचिव नागेश्वर देवांगन, संरक्षक पूरन पटेल, मानदास साहू, हरिराम पुजेरी, कमलनारायण वैष्णव, भागवत साहू, भुवनलाल साहू, राजू वैष्णव, बिंझवार, नरसिंग, बोधन, हेमंत साहू, कंवलदास साहू, अघनू पटेल, दुलेश पटेल आदि का सहयोग मिल रहा है।

पहला कॉलम...

मिडिल स्कूल मनेरी में न्योता भोज

डोंगरगांव(दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनेरी विकासखंड डोंगरगांव में न्योता भोज शिक्षक नीलमणी साहू द्वारा अपनी पुत्री काजल साहु के विवाह के अवसर पर कराया गया. न्योता भोज में गुलाब जामुन, मिक्चर, पूड़ी, पापड़ एवम आलू, मूंगा, पत्ता गोभी, भांटा की मिक्स सब्जी खिलाया गया. इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल.पात्रे, सहायक विकासखंड अधिकारी रश्मी ठाकुर, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, प्रधानपाठक रोशन वैष्णव, विनोद शर्मा एसएमसी अध्यक्ष कामता यादव सरपंच श्रीमती जुगतबाई भुनेश्वर चंद्रवंशी, सरस्वती सिन्हा, नीता साहु, पोहन साहु आदि उपस्थित रहे.

गोड़लवाही से उमरवाही मार्ग जर्जर-हुई शिकायत

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम गोड़लवाही से उमरवाही के रास्ते गुण्डरदेही तक मुख्य सडक़ की स्थिति अति जर्जर है. इस सडक़ को कांग्रेस शासन में ढंग का ना रिपेयर किया गया और ना ही इसपर चौड़ीकरण के लिए ध्यान दिया गया, उक्त सडक़ के विषय में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को अनंत तिवारी जिला मंत्री भाजयुमो ने अवगत कराया. उक्त सडक़ का चौड़ीकरण होने से यहां की अर्थ व्यवस्था सुदृढ़ होगी. इस समय जिला सोशल मीडिया प्रभारी नवीन साहू, गीताराम साहू, संजय साहू उपस्थित रहे.

जोंधरा में हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम जोंधरा में नेहरू युवा केंद्र राजनांदगाव के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा जी के निर्देशन में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कबड्डी रस्सा कसी, गोला फेंक एवं 200 और 400 मीटर दौड़ का भी आयोजन किया गया. इस खेल में कबड्डी में प्रथम स्थान ग्राम जोंधरा की टीम एवं द्वितीय स्थान ग्राम गुंडरदेही प्राप्त किया. साथ रस्सा कसी में भी ग्राम जोंधरा की टीम विजयी रहे. इस कार्यक्रम में युवा मंडल के साथी एवं ग्रामीण जनता पूरे हर्षोल्लास के साथ खेल का आनंद लिए एवं नेहरू युवा केंद्र से इस तरह से कार्यक्रम की आयोजन की अपेक्षा किये हैं. इस कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ ग्रामीण जनता, युवा-युवतियाँ, महिला सहित युवा मंडल व आसपास के ग्राम के जनता अधिक संख्या में उपस्थित रहे. डोंगरगांव के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक धनंजय साहू का इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा.

दो बाइक का आमने-सामने भिड़ंत, तीन रिफर एक भर्ती

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई थाना क्षेत्र के लिमो के ठीक आगे नादिया मेन चौक पर बुधवार दोपहर लगभग 2.45 बजे के आसपास दो बाइक का आमने-सामने से तेज रफ्तार में भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना के दौरान अनियंत्रित होकर बाइक पर सवार चारो व्यक्ति रास्ते पर ही गिर गए । वही कवर्धा रोड से गंडई की ओर आ रहे ट्रक घायलों के सड़क पर पड़ी मोटरसाइकल में चढ़ गए जिससे घायल बड़ी घटना से बाल बाल बच गए, सूचना मिलते ही पुलिस की 112 एवं संजीवनी 108 की गाड़ी भी मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए गंडई अस्पताल लाया गया।मेडिकल ऑफिसर विजेंद्र साहू ने बताया की सभी का प्राथमिक उपचार किया गया है। विनय विश्वकर्मा 19 वर्ष जिसकी स्थिति ठीक होने के कारण सी एस सी गंडई में रखे है, बाकी तीनों में चोखेलाल नायक 50वर्ष, चन्द्रशेखर निषाद 30वर्ष, विक्की नेताम 23वर्ष को रिफर किया गया है सभी को कई जगह गंभीर चोट आया हुआ है। चौखे लाल नायक जो कि उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और वह गंडई में रहकर(फेरीवाला) कपड़े का व्यापार करता था वही विनय विश्वकर्मा चंद्रशेखर निषाद और विक्की नेताम तीनों थानखमरिया जिला बेमेतरा के रहने वाले हैं।

सरकारी अस्पताल में वर्षो बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं ?

गोविन्द गुप्ता

डोंगरगांव (दावा)। शहर का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आज भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है. जहाँ शासन-प्रशासन व्दारा भवन और उपकरण से अस्पताल को सुसज्जित किया जा रहा है, वहीं ब्लॉक मुख्यालय के इस अस्पताल के नये बिल्डिंग में आज पर्यन्त डॉक्टरों की पूर्ति नहीं की जा सकी है. इसके साथ ही अनेक पद स्वीकृत होने के बावजूद अब तक नहीं भरे जा सके हैं जबकि कुछ पदों को संविदा के भरोसे चलाया जा रहा है.

डोंगरगांव के इस अस्पताल का सबसे महत्वपूर्ण पद खण्ड चिकित्सा अधिकारी का है जो कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते कई वर्षो से भरा ही नहीं गया और प्रभारियों के भरोसे पूरे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है. ऐसे में अस्पताल की चरमराई व्यवस्थाओं का केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है. चिकित्सा अधिकारी के दो पद स्वीकृत हैं जिसमें एक पद अब तक खाली है जबकि एक पद में डॉ. रागिनी चन्द्रे हैं जो कि प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी का पद भी संभालती हैं. इसी प्रकार विशेषज्ञ मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, पीजीएमओ निश्चेतना, अस्थि रोग विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण पद वर्षो से खाली पड़े हैं. कई वर्षो बाद शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ.हिमांशु नामदेव पहुंचे हैं. डॉक्टर और विशेषज्ञों के अलावा स्टॉफ नर्स 2 पद रिक्त हैं, फार्मासिस्ट के दो पदों में एक खाली है. अस्पताल में मरीजों को एक स्थल से दूसरे स्थल पहुंचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पद वाहन चालक के दोनों पर वर्तमान में रिक्त पड़े हैं. इसी प्रकार नान मेडिकल सुपरवाइजर, एन.एम.ए., ओटी अटेन्डेन्ट, ड्रेसर ग्रेड-2, धोबी जैसे पद भी खाली पड़े हैं जो कि अस्पताल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

0 पदस्थ डॉक्टर महीनों से अनुपस्थित-नहीं होता औचक निरीक्षण

0 डॉक्टरों ने बनाया अपना टाईम टेबल

अनुबंधित डॉक्टरों की नहीं होती मानिटरिंग ?

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को अनवरत चलाने के लिए पी.जी. एवं एमबीबीएस अनुबंधित मेडिकल छात्र/छात्राओं व्दारा एक बार पदांकित पदस्थापना स्थल में दो वर्षो की सेवा देनी होती है लेकिन ज्वानिंग के पश्चात किसी अधिकारी द्वारा इनकी सुध तक नहीं ली जाती जबकि नियमानुसार कोई मेडिकल छात्र/छात्रा इस दौरान एक माह से अधिक अनुपस्थिति पर बांड की संपूर्ण राशि वसूली किये जाने के साथ ही मेडिकल कौंसिल से पंजीयन रद्द करने तक की कार्यवाही की जा सकती है.

डोंगरगांव अस्पताल में भी एक डॉक्टर विजय मेश्राम ड्युटी ज्वाईन करने के बाद गत 10 माह से अनुपस्थित हैं और इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों तक है किन्तु कार्यवाही करने के नाम पर सभी जानकर अंजान बने हुए हैं. जिम्मेदार पद होने की वजह से उनकी अनुपस्थिति में अन्य डॉक्टरों को अधिक समय ड्यूटी करना होता है जो कि उन्हें हतोत्साहित करता है.

सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों का टोंटा

डॉक्टरों के लिए तरस रहे डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक समय काफी नामचीन विशेषज्ञ डॉक्टर भी हुए हैं, जिनके कार्यकाल में अनेक बड़े ऑपरेशन भी सम्पन्न हुए हैं. केवल नब्ज टटोल कर मरीज की सारी बीमारियों को पहचानने वाले डॉक्टरों की भी कमी नहीं रही है किन्तु विगत कई वर्षो से डोंगरगांव सरकारी अस्पताल केवल रिफर सेंटर बनकर रह गया है. सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ डॉक्टरों का मुख्यालय में नहीं रहना भी मरीजों के लिए परेशानी का सबब है. डॉक्टरों के मुख्यालय में रहने से छोटी मोटी समस्याओं के लिए मरीज को राजनांदगांव रिफर नहीं किया जायेगा जिससे गरीब मरीजों की जान से लेकर समय और पैसे की भी बचत होगी लेकिन जिला मुख्यालय में बैठे अधिकारी डॉक्टरों की सुध लेने औचक निरीक्षण ही कर ले तो काफी हद तक सुधार आ जाये.

आयुर्वेदिक अस्पताल कोने में संचालित

शहर के पुराने अस्पताल के एक कोने में आयुर्वेदिक अस्पताल संचालित है. पुराना अस्पताल का पूरा भवन अब पूरी तरह से खाली हो चुका है, जहाँ आयुर्वेदिक अस्पताल को संचालित किया जा सकता है. अस्पताल सामने होने से और भी अधिक मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा. मरीजों की शिकायत है कि यहाँ पदस्थ डॉक्टर भी सुबह की ड्यूटी करने के बाद शाम को कभी नहीं मिलते जबकि वर्तमान नियमों के अनुसार अस्पताल को सुबह और शाम दोनों समय खोला जाना है. इसी पुराने अस्पताल भवन में विगत माह से फिजिओथेरेपी प्रारंभ किया गया है, जिसे डॉक्टरों की सलाह पर इसका लाभ लिया जा सकता है.

अवैध ईंट भट्ठे संचालकों को तहसील कार्यालय से नोटिस जारी

छुरिया (दावा)। क्षेत्र में अवैध रूप से कई जगह ईंट भट्ठों की भरमार है । अवैध रूप से नदी नालों के किनारे लाल ईंट का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है । जिनकी शिकायत मिलने पर अब इन अवैध कारोबारियों पर राजस्व विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है । और इन कारोबारियों को अवैध ईंट निर्माण के संबंध में नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब मांगा गया है। नोटिस मिलते ही अवैध ईंट कारोबारियों में हड़कम्प मच गया है।

मिली जानकारी अनुसार गांव-गांव में नदी नालों के किनारे बिना अनुमति के अवैध तरीके से ईंट का निर्माण धड़ल्ले से जारी है । इन ईंट भट्ठों के मालिकों के पास न तो खनिज विभाग और न ही पर्यावरण विभाग की अनुमति है ।

तीन दिवस के भीतर मांगा गया जवाब

इसके साथ-साथ ही ईंट भट्ठा निर्माण के लिए जिन मापदण्डों का पालन किया जाना है उसका पालन नहीं किया जा रहा है । नदी नालों के किनारे एवं बीच बस्ती में ईंट का निर्माण किया जा रहा है । जिस जमीन में ईंट भट्ठों का निर्माण किया जा रहा है न ही उस जमीन का उनके पास कोई रजिस्ट्रेशन है और न ही कमर्शियल कराया हुआ कोई कागजात । इन अवैध ईंट भट्ठों के संचालकों पर राजस्व विभाग ने शिकंजा कसते हुए लगभग 30 ईंट भट्ठे मालिकों को नोटिस थमाते हुए छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 1996 में दिए गए प्रावधानों का खुला उल्लंघन मानते हुए तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है । संतोषजनक जवाब नहीं पाये जाने पर गौण खनिज अधिनियम नियमों के तहत कार्यवाही किए जाने का भी उल्लेख किया गया है । नोटिस मिलने से अवैध ईंट भट्ठा कारोबारियों में खलबली मची हुई है ।

> ''ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है । ''
> **विजय कोठारी**
> **तहसीलदार -छुरिया**

सिन्हा समाज की जिला स्तरीय बैठक 10 को पाटेकोहरा में

सम्मान समारोह के अलावा सामाजिक प्रकरणों का निराकरण भी

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज राजनांदगांव का जिला स्तरीय बैठक रविवार 10 मार्च को पाटेकोहरा (चिचोला) में रखा गया है। एक दिवसीय उक्त बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, विकलांग, मेधावी छात्र छात्राओं व संगीतकारों के सम्मान के साथ सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति अनुसार बैठक का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन से होगा, पश्चात् अतिथि स्वागत, स्वागत उद्बोधन तथा जिलाध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा का अध्यक्षीय उद्बोधन होगा।

विज्ञप्ति अनुसार बैठक के मुख्यअतिथि समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा होंगे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा करेंगे।

बतौर विशेष अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष डागेश्वर सिन्हा, प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला सिन्हा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

विज्ञप्ति अनुसार बैठक के प्रथम सत्र में समाज के बुजुर्ग, विकलांग, मेधावी छात्र छात्राओं सहित संगीतकारों का सम्मान किया जायेगा। इसके अलावा सामाजिक रचनात्मक गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जायेगी।

द्वितीय सत्र में जिला स्तरीय आय व्यय की जानकारी के बाद सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई की जायेगी। जिला महामंत्री देवजी सिन्हा व जिला कोषाध्यक्ष ने बैठक में जिले के समस्त सामाजिकजनों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

महिलाओं की सशक्तिकरण पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन का लाईव प्रसारण

डोंगरगांव (दावा)। नगर के इंदिरा गाँधी प्रियदर्शिनी भवन में नारी शक्ति वंदन के तहत प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा क्षेत्र स्व सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कार्यक्रम बुधवार को आयोजित हुआ. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाईव प्रसारण द्वारा महिलाओं की सशक्तिकरण को बढ़ाने हेतु उद्बोधन किया गया. इस कार्यक्रम में संतोष पांडेय सांसद राजनांदगांव, दिनेश गाँधी पूर्व जिला महामंत्री भा.ज.पा., जागृति यदु जिला पंचायत सदस्य, इन्दू साहू जिला पंचायत सदस्य, लक्ष्मीनारायण गुप्ता जिला प्रवक्ता, रामकुमार गुप्ता मंडल अध्यक्ष, धनराज ठाकुर जिला मंत्री भाजपा, अंजू त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, पार्षद डिकेश साहू, नीरेंद्र साहू, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, योगेश पटेल, प्रफुल्ल जैन एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता तथा मनोज मरकाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव, प्यारेलाल नाग तहसीलदार, नवीन मसियारे सी.ई.ओ. जनपद पंचायत डोंगरगांव मुख्य नगर पालिका अधिकारी दादूसिंह पाल, गजेंद्र हरिहारनो शिक्षा विभाग और अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले समस्त स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं नगर पंचायत डोंगरगांव के स्वच्छता दीदी और समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे.

थाना गंडई की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही

0 थाना क्षेत्र में पशु तस्करी करने वाले 02 फरार आरोपी गिरफ्तार

गंडई पंडरिया (दावा)। थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में आज दिनांक मंगलवार को थाना गंडई मे पंजीबध अपराध क्रं 55/2024 धारा छ.ग. कृषिक पशु परीरक्षण अधि. 2004 की धारा 4, 6,10, पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधि. 1960 की धाबीआरटीरा 11 फरार आरोपी (01) नब्बी खान उफ् गुलाब पिता बक्सर खान उम्र 27 साल (02) अनीश खान पिता नथ्थू खान उम्र 22 साल दोनों निवसी ग्राम रेगाखार थाना साल्हेवारा जिला के. सी. जी. को पता तलास कर उसके छुपने के स्थान में पहुचकर पकड़ कर गिरफ्तारी किया ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

आंको में शंभू नरका पंडुम एवं छत्तीसगढ़ी नाचा कल

कल्लूबंजारी(दावा)। आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज सर्कल आंको के तत्वावधान में कल 8 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से ग्राम आंको में शंभू नरका पंडुम एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू होंगे। अध्यक्षता समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर करेंगे,विशेष अतिथि जनपद सदस्य कन्हैया कोले, जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री द्वय राम साहू एवं पूरन नेताम, कांग्रेस कार्यकर्ता रोशन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सतीष पटेल, कांग्रेस कार्यकर्ता राजू सिन्हा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय साहू, ब्लाक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलेश यादव, समाज के ब्लाक सचिव समन उइके, उपसरपंच सुनालाल घावड़े,समाज के सर्कल अध्यक्ष जानतूराम आचले, ब्लाक संगठन मंत्री दिलीप कोरेटी, युवा प्रभाग के ब्लाक अध्यक्ष तोमन आचले, युवा प्रभाग के ब्लाक संरक्षक भुनेश्वर नेताम, सर्कल उपाध्यक्ष रामसिंग हिड़को, ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य द्वय जेठूराम उसेण्डी एवं रामसुख सलामें, सर्कल सचिव भगवानी दुग्गा, समाज प्रमुख गण शिवकुमार सलामें, सामलू तारम, पूनाराम कोवाची, युवा प्रभाग के ब्लाक सचिव अशोक सलामें, बैगा प्रभाग के सदस्य समन सलामें एवं युवा प्रभाग के ब्लाक प्रवक्ता नरेन्द्र मंडावी सहित ग्राम आंको के समस्त पंचगण होंगे। शंभू नरका पण्डुम के उपलक्ष्य में रात्रि 10 बजे से सुप्रसिद्ध महतारी के मया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी, ग्राम चिखली(बांधाबाजार)ब्लाक अंबागढ़ चौंकी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कलेश हारमें, सचिव अजय कुमार हुर्रे, कोषाध्यक्ष गंगाराम सलामें एवं सदस्य फूलसिंह तारम ने अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

पहला कॉलम...

क्या रद्द हो जाएगा भारत-पाक मुकाबला?

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच अब मैच टी20 विश्व कप 2024 में देखने को मिलने वाला है। टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से होने जा रही है। वहीं भारत-पाक मैच को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। जिसके बाद फैंस के मन में एक सवाल उठ रहा है कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून को होने वाला मैच रद्द हो जाएगा।

दरअसल आईसीसी ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें उस स्टेडियम को दिखाया गया है जहां टी20 विश्व कप 2024 में भारत-पाक का मैच होने वाला है लेकिन स्टेडियम की हालत देखकर लग नहीं रहा है कि यहां भारत-पाक मैच हो पाएगा। दरअसल अभी तक न्यूयॉर्क में ये स्टेडियम पूरी तरह से बना नहीं है। जिसके बाद फैंस आईसीसी से काफी सवाल भी कर रहे हैं कि क्या ये क्रिकेट इतिहास का महामुकाबला इस मैदान पर हो पाएगा?

मिशेल ओबामा नहीं लड़ेंगी राष्ट्रपति चुनाव

वॉशिंगटन । मिशेल ओबामा के कार्यालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि जो बाइडन की जगह डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की उनकी कोई योजना नहीं है। मिशेल ओबामा पहले भी कई बार राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने की बात कह चुकी हैं। मिशेल ओबामा ने जो बाइडन और कमला हैरिस को समर्थन देने का एलान किया।

दरअसल डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ही नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के दावेदार हैं। हालांकि बाइडन की बढ़ती उम्र को लेकर अमेरिका में कई तरह से कयास चल रहे हैं। यही वजह है कि ऐसी चर्चा चल रही थी कि राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा राष्ट्रपति पद की दावेदार हो सकती हैं। हालांकि अब मिशेल ओबामा के ऑफिस ने बयान जारी कर साफ कर दिया है कि मिशेल ओबामा की राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की कोई योजना नहीं है। मिशेल ओबामा की सलाहकार क्रिस्टल कारसन ने बयान जारी करते हुए मिशेल ओबामा के एक पुराने बयान का जिक्र भी किया, जिसमें मिशेल ओबामा ने ओप्रा विनफ्रे के साथ एक इंटरव्यू में कहा था कि %वे कभी भी राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगी क्योंकि उन्हें लगता है कि राजनीति उनकी आत्मा में है ही नहीं।

सोने के गिर गए भाव, चांदी में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में आज बुधवार को गिरावट देखने को मिल रही है। सोने का घरेलू वायदा भाव लाल निशान पर ट्रेड करता दिखा है। एमसीएक्स एक्सचेज पर बुधवार सुबह 5 अप्रैल 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.22 फीसदी या 145 रुपये की गिरावट के साथ 64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमत मंगलवार को 800 रुपये चढ़कर 65,000 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर की बात करें, तो आज सोने में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भी बुधवार सुबह गिरावट देखी गई है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर बुधवार सुबह 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 0.40 फीसदी या 291 रुपये की गिरावट के साथ 73,083 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की हाजिर कीमत 900 रुपये के उछाल के साथ 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इस पर उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। हालांकि, वे आगामी सभी कार्यक्रमों में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। यह जानकारी सीएम ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर किए गए एक पोस्ट के जरिए दी।

सीएम भजनलाल शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य समस्या के चलते उन्होंने आज स्वास्थ्य परीक्षण करवाया था, जिसके बाद उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सीएम ने बताया कि वे सेल्फ आइसोलेशन में हैं और डॉक्टरों के परामर्श का पालन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे आगामी सभी कार्यक्रमों में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित रहूंगा।

विदर्भ ने सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 62 रन से हराया, 41 बार के चैंपियन मुंबई से खिताबी मुकाबला

नागपुर । रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ ने 2021-22 के चैंपियन मध्य प्रदेश को 62 रन से हरा दिया है। 303 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश की दूसरी पारी 258 रन पर सिमट गई। नागपुर में खेले गए इस मैच में विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 170 रन बनाए थे।

जवाब में मध्य प्रदेश की पहली पारी 252 रन पर समाप्त हुई। उन्होंने 82 रन की बढ़त ली। विदर्भ ने दूसरी पारी में 402 रन बनाए और इसमें से 82 रन घटाएं तो उनकी बढ़त कुल 302 रन की हुई। इस तरह मध्य प्रदेश को 303 रन का लक्ष्य मिला था। अब खिताबी मुकाबले में विदर्भ का सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। फाइनल मैच 10 मार्च से खेला जाएगा। विदर्भ की टीम भी दो बार खिताब जीत चुकी है।

विदर्भ ने पहली पारी में 170 रन बनाए थे। करुण नायर ने 63 रन और अथर्व तायदे ने 39 रन की पारी खेली थी। एमपी की ओर से आवेश खान ने चार विकेट लिए, जबकि कुलवंत खेजरोलिया और वेंकटेश अय्यर को दो-दो विकेट मिले।

मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। हिमांशु मंत्री ने 126 रन की पारी खेली। वहीं, सारांश जैन ने 30 रन, सागर सोलंकी ने 26 रन और हर्ष गावली ने 25 रन की पारी खेली थी। विदर्भ की ओर से उमेश और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, वखारे को दो विकेट मिले।

इसके बाद विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 402 रन बनाए। यश राठौड़ ने 141 रन की पारी खेली। अक्षय वाडकर ने 77 रन, अमन मोखाड़े ने 59 रन और ध्रुव शोरे ने 40 रन की पारी खेली। एमपी की ओर से अनुभव अग्रवाल ने पांच विकेट लिए, जबकि कुलवंत और कार्तिकेय को दो-दो विकेट मिले।

303 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश की टीम अपनी दूसरी पारी में 258 रन पर सिमट गई। यश दुबे ने 94 रन बनाए, जबकि हर्ष ने 67 रन की पारी खेली। विदर्भ की ओर से यश ठाकुर और अक्षय वखारे ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, आदित्य सरवाते और आदित्य ठाकरे को दो-दो विकेट मिले।

ताइवान के मंत्री ने भारतीय प्रवासी श्रमिकों पर की नस्लवादी टिप्पणी पर मांगी माफी

पीटीआई, बीजिंग/ताइपे। ताइवान की श्रम मंत्री सू मिंग-चुन ने एक विशेष क्षेत्र से भारतीय प्रवासी श्रमिकों को भर्ती करने की उनकी सरकार की योजना पर अपनी नस्लवादी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। भारतीय श्रमिकों के खिलाफ ÷नस्लवादी÷ टिप्पणी के कारण ताइवान के लेबर मिनिस्टर की तीखी आलोचना हुई थी। श्रम मंत्री ने एक इंटरव्यू में दोनों देशों के बीच कामगारों के आदान-प्रदान पर यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि ताइवान भारत के उत्तर-पूर्व से लोगों को भर्ती करेगा क्योंकि उनकी 'स्किन का रंग और खाने की आदतें' ताइवान के लोगों के जैसी हैं।

ताइवान के विदेश मंत्रालय के हालिया बयान के अनुसार, दोनों देशों के बीच श्रम के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और ताइवान के उद्योगों में श्रम की कमी को कम करने में मदद करने के लिए ताइवान ने 16 फरवरी को भारत के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद भारतीय श्रमिकों की भर्ती करने की योजना बनाई है।

भर्ती योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए, ताइवान टेलीविजन पर एक टॉक शो में श्रम मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय पहले भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों से भारतीय श्रमिकों की भर्ती करेगा क्योंकि ÷उनके स्किन का रंग और उनके खाने-पीने की आदतें हमसे काफी मिलती हैं।÷ ताइवान की केंद्रीय समाचार एजेंसी (सीएनए)) मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस वक्त गजब के फार्म में हैं। लगभगर हर पारी में उनके बल्ले से रन निकल रहे हैं। यही कारण है कि वे आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी आगे बढ़ते चले जा रहे हैं। इस बीच जायसवाल ने आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में अपनी ऑलटाइम हाई रैंकिंग हासिल कर ली है। वे अपने कप्तान रोहित शर्मा से तो आगे पहले ही निकल गए थे, अब उनकी टॉप 10 में शानदार एंट्री हुई है।

इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल खूब रन बना रहे हैं। इसी सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। इसमें भी उनके निशाने पर कई बड़े कीर्तिमान और रिकॉर्ड रहने वाले हैं। इस बीच मैच से एक दिन पहले ही यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी की ओर से जारी की गई टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में प्रवेश कर लिया है। वे इस वक्त नंबर दस पर हैं। इससे पहले जब पिछले सप्ताह आईसीसी की ओर से रैंकिंग जारी की गई थी, तब उनकी रेटिंग 727 ?की थी और वे 12वें नंबर पर थे। इस बीच उन्होंने टेस्ट तो नहीं खेला।

प्राकृतिक कारणों से हुई थी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत

मास्को। रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतरराष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक इंटरव्यू में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है।

लाल सागर में अमेरिकी युद्धक जहाजों पर मिसाइल हमला, हूती विद्रोहियों के दावे से बढ़ा तनाव

नई दिल्ली । ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के दो युद्धक जहाजों को लाल सागर में निशाना बनाने का दावा किया है। हूती संगठन के प्रवक्ता याहया सरेया ने टेलीविजन पर जारी किए गए बयान में ये बड़ा दावा किया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिका के दो युद्धक जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। हालांकि अभी तक अमेरिका की तरफ से इसे लेकर कोई बयान सामने नहीं आया है।

इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही फलस्तीन के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर, अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों के चलते कई व्यापारिक फर्म ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की बजाय अपने जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के लंबे रूट से भेजना शुरू कर दिया है। इसके चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका है। साथ ही हूती विद्रोहियों के हमले से इस्राइल हमास युद्ध के पूरे अरब क्षेत्र में फैलने का खतरा बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा के लिए अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ा दी है। हालांकि हूती विद्रोही अमेरिका के युद्धक जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। अमेरिकी युद्धक जहाजों ने पूर्व में हूती विद्रोहियों के कई हमलों को नाकाम किया है।

बीते दिनों अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर भारी बमबारी की थी। हालांकि इसके बावजूद हूती विद्रोही पीछे हटने को तैयार नहीं है और लगातार लाल सागर में हमले कर रहे हैं। भारतीय नौसेना ने भी अरब सागर और अदन की खाड़ी में अपने युद्धक जहाज तैनात किए हैं और कई व्यापारिक जहाजों को हमलों से बचाया है।

2031 तक अपर मिडिल-इनकम कंट्री बन जाएगा भारत, दुनिया में तीसरे स्थान पर होगी हमारी इकॉनमी

नई दिल्ली। क्रिसिल रेटिंग्स ने बुधवार को अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। साथ ही एजेंसी ने कहा कि देश 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी के साथ एक अपर मिडिल- इनकम वाला देश बन जाएगा। अपनी ÷इंडिया आउटलुक÷ रिपोर्ट में क्रिसिल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू संरचनात्मक रिफॉर्म्स और साइक्लिकल लीवर्स से सपोर्ट लेगी। साथ ही 2031 तक तीसरी सबसे बड़ी इकॉनोमी बनने की उम्मीद है।

क्रिसिल इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा गया, %इस वित्त वर्ष में अनुमान से बेहतर 7.6 प्रतिशत ग्रोथ रेट के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ वित्त वर्ष 2025 में घटकर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना है।% इसने कहा कि अगले सात वित्तीय वर्षों (2025-2031) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करते हुए 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा, ÷इस अवधि में अनुमानित औसत विस्तार 6.7 प्रतिशत भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगा और 2031 तक प्रति व्यक्ति आय को उच्च-मध्यम आय वर्ग तक ले जाएगा।÷

3.6 ट्रिलियन डॉलर के जीडीपी आकार के साथ भारत वर्तमान में अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2031 तक अर्थव्यवस्था बढ़कर 6.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2031 वह वर्ष होगा, जब भारत ऊपरी-मध्यम आय वाले देशों के क्लब में प्रवेश करेगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 4,500 डॉलर (3,73,500 रुपये) हो जाएगी। विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार, निम्न-मध्यम आय वाले देश वे होते हैं जिनकी प्रति व्यक्ति आय 1,000-4,000 अमेरिकी डॉलर होती है। वहीं, उच्च-मध्यम आय वाले देश वे होते हैं जिनकी प्रति व्यक्ति आय 4,000-12,000 अमेरिकी डॉलर के बीच होती है। क्रिसिल के एमडी और सीईओ अमीश मेहता ने कहा, ÷वित्त वर्ष 2031 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एक उच्च-मध्यम आय वाला देश होगा, जो घरेलू खपत के लिए एक बड़ा सकारात्मक होगा।÷

पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 7 साल की सजा

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के जौनपुर की अदालत ने बुधवार पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सजा सुना दी है, उन्हें सात साल की जेल की सजा दी गई है. साथ ही पचास हजार का जुर्माना भी लगाया गया है. सजा का ऐलान होते ही धनंजय सिंह के परिवार और समर्थकों में निराशा देखी गई. हालांकि मामले में कोर्ट ने एक दिन पहले मंगलवार को अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को दोषी करार दिया. इसी मामले में बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है. असल में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के एक मैनेजर के अपहरण के मामले में धनंजय सिंह को अपर सत्र न्यायाधीश शरद त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को दोषी करार दिया गया. रंगदारी मांगने व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह व उनके साथी संतोष विक्रम पर प्राथमिकी दर्ज है।

इंग्लैंड की टीम ने अपनी प्लइंग 11 का ऐलान किया

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाना है, लेकिन टेस्ट मैच से एक दिन पहले इंग्लैंड की टीम ने अपनी प्लइंग 11 का ऐलान कर दिया है। धर्मशाला टेस्ट इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की वापसी हुई है। जबकि ओली रॉबिन्सन को रांची टेस्ट के बाद बाहर कर दिया गया है।बता दें कि ओली रॉबिन्सन ने रांची टेस्ट की पहली पारी में शानदार अर्धशतक लगाया था, लेकिन उसके बावजूद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला टेस्ट की पिच देखने के बाद तेज गेंदबाज मार्क वुड को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड 3 मार्च को धर्मशाला पहुंच गई थी और 4 मार्च से उन्होंने अभ्यास करना शुरू कर दिया था।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड को धर्मशाला टेस्ट के लिए प्लइंग 11 में शामिल किया गया है। दरअसल धर्मशाला की पिच और मौसम तेज गेंदबाजों को मदद करता है। जिसके चलते इंग्लैंड ने ऑली रॉबिन्सन के स्थान पर मार्क वुड को शामिल किया है। वुड ने अभी तक इस सीरीज में भारत के खिलाफ काफी शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने अपनी पेस और स्विंग से भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान भी किया है। जिसके चलते धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम मैनेजमेंट ने वुड पर रॉबिन्सन से अधिक भरोसा जताया है।

इंग्लैंड के तेज ऑली रॉबिन्सन को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह गेंदबाजी से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

पीएम मोदी ने किया अंडरवॉटर...

टनल के लिए सही जगह की पहचान के लिए मिट्टी के सर्वे में ही 5 से 6 महीने गुजर गए थे और 3 से 4 बार सर्वे किए जाने के बाद तय किया गया कि हावड़ा ब्रिज से हुगली नदी के तल से 13 मीटर नीचे की मिट्टी पर टनल बनाई जा सकती है.

धारा 370 हटने के बाद कल पहली...

पीएम मोदी रख चुके हैं 80 हजार करोड़ के पैकेज की नींव- वह श्रीनगर स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं के अलावा श्रीनगर में ई-बस सेवा भी जनता को समर्पित करेंगे। विभिन्न केंद्रीय विकास योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत भी उनके कार्यक्रम का हिस्सा है। इस रैली में वह कई उन परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे जिनकी नींव सात नवंबर 2015 को उनके द्वारा घोषित 80 हजार करोड़ के पैकेज ने रखी है। इनमें जोजिला सुरंग से लेकर जम्मू और श्रीनगर में रिंग रोड, श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर सुरंगों का निर्माण भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सात मार्च को श्रीनगर में होने वाली रैली के लिए सुरक्षा कड़ी है। शहर के बख्शी स्टेडियम के आसपास की सड़कों से गुजरने वाले सभी वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। इसी स्टेडियम में प्रधानमंत्री रैली को संबोधित करेंगे। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद मोदी की कश्मीर में यह पहली रैली होगी।

सीएम ममता बनर्जी से मिले सौरव गांगुली...

अध्यक्ष चुना गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक गांगुली को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनावों के दौरान मुख्यमंत्री के चहरे के रूप में राजनीति में उतारना चाहती थी। लेकिन दादा ने तब राजनीति में आने से माना कर दिया था। नतीजन भाजपा को विधानसभा चुनाव में मुंह की खानी पड़ी थी और टीएमसी ने सूपड़ा साफ किया था।

भाजपा नेताओं के साथ गांगुली की निकटता की अफवाहें तब बढ़ीं जब उनकी सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई थी। जिसमें वे राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार और गृह मंत्री अमित शाह के साथ घर पर भोजन करते हुए दिखाई दे रहे थे। आपको बता दें कि बंगाल में लोकसभा की 42 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने 22 सीट पर जीत दर्ज की थी। वहीं भाजपा ने 18 और कांग्रेस के खाते में दो सीटें आई थी। इस बार इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस और टीएमसी साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में अब एनआईए की तर्ज पर एसआईए

डिजिटल गवर्नेंस के तहत प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाईजेशन को बढ़ावा देते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य किए जाएंगे। विभाग द्वारा राज्य में सुशासन के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। इस विभाग के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग आएंगे।

राज्य प्रवर्तित राजीव नगर आवास योजना की शर्तों को यथावत रखते हुए इस योजना का नाम 'अटल विहार योजना' करने का निर्णय लिया गया।

बता दें कि आवास एवं पर्यावरण विभाग की ओर से साल 2011 में विकास नगर योजना के तहत ई.डब्ल्यू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के लिए अनुदान एवं शासकीय भूमि आबंटन के लिए योजना का नामकरण अटल विहार योजना किया गया था। जिसे वर्ष 2021 में बदलकर राजीव नगर आवास योजना कर दिया गया था। मंत्रिपरिषद की बैठक में इस योजना का नामकरण पुनः 'अटल विहार योजना' करने का निर्णय लिया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक आवश्यक शक्कर वितरण के लिए राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से शक्कर क्रय करने का निर्णय लिया गया। शक्कर का क्रय मूल्य 35,000 रूपए प्रति टन (एक्स फैक्टरी और जीएसटी अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है।

छत्तीसगढ़ सर्वविभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ द्वारा की गई मांग को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 13 (1) में आंशिक संशोधन किया गया, जिसके तहत संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को 18 दिनों के आकस्मिक अवकाश के स्थान पर 30 दिनों के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।

अनुकम्पा नियुक्तियों के आवेदकों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि कलेक्टर कार्यालय में अग्रेषित होकर आवेदन प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर द्वारा जिले में अधीनस्थ कार्यालयों में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। जिले में किसी भी कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति के रिक्त पद उपलब्ध न होने पर आवेदन संभागीय आयुक्त कार्यालय में प्रेषित किया जाएगा। संभागीय आयुक्त अपने अधीनस्थ जिले जहां पर पद रिक्त होंगे उस जिले के कलेक्टर को प्रकरण अग्रेषित करेंगे। निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कलेक्टर और संभाग आयुक्त द्वारा किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा विभाग में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' को लागू करने का निर्णय लिया गया। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने से युवाओं में तार्किक क्षमता के संवर्धन के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एकाधिक प्रवेश एवं एकाधिक निकास की सुविधा होने से युवाओं को परिस्थिति एवं आवश्यकतानुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने का विकल्प मिलेगा। ग्रेड आधारित निरंतर मूल्यांकन और आंतरिक मूल्यांकन होने से विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा के तनाव से मुक्ति मिलेगी। उच्च शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक विस्तार से प्रदेश के युवाओं की पहुंच वैश्विक स्तर तक हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन किया गया है। इसी तर्ज पर राज्य योजना आयोग छत्तीसग? का नाम परिवर्तन कर राज्य नीति आयोग छत्तीसग? करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते समय छत्तीसगढ़ की वर्तमान जीएसडीपी 5 लाख करोड़ को आगामी 5 सालों में 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 10 आधारभूत रणनीतिक स्तम्भों पर भी फोकस किया गया है। आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श करने तथा देश और दुनिया में चल रहे बेस्ट प्रैक्टिस को छत्तीसगढ़ की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन करने का निर्णय लिया गया।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उन्नयन योजना के संबंध में टाटा टेक्नालॉजी के साथ हुए अनुबंध को राज्य के हित में नहीं पाए जाने की स्थिति में अनुबंध को समाप्त करने और एस्क्रो अकाउंट में जमा राशि 185.80 करोड़ को राज्य की कोष में जमा कराने का निर्णय लिया गया। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा 46 संविदा प्रशिक्षण अधिकारी की संविदा सेवा में वृद्धि/नवीनीकरण करने का निर्णय लिया गया।

मूनी और लौरा की विशाल साझेदारी से मिली गुजरात को मिली पहली जीत

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग के 12वें मैच में गुजरात जाएंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के 19 रन से जीत दर्ज की। बेथ मूनी की अगुवाई वाली टीम ने मंधाना की सेना के खिलाफ लीग की पहली जीत दर्ज की। हालांकि, गुजरात की इस जीत से अंक तालिका में कोई बदलाव नहीं हुआ है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जाएंट्स ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 199 रन बनाए। इसके जवाब में आरसीबी आठ विकेट खोकर सिर्फ 180 रन बना सकी। इस मुकाबले में आरसीबी के लि जॉर्जिया वेयरहैम के अलावा कोई भी महिला बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। उन्होंने 22 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 48 रन बनाए। हालांकि, वह इस पारी को अर्धशतक में तब्दील नहीं कर पाईं। पारी की शुरुआत करने उतरीं स्मृति मंधाना और सब्बिनेनी मेघना के बीच 31 रन की साझेदारी हुई। भारतीय स्टार बल्लेबाज 24 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, मेघना चार रन बना सकीं। इस मुकाबले में एलिस पैरी ने 24, सोफी डिवाइन ने 23, ऋचा घोष ने 30, सोफी मोलिनेक्स ने तीन और सिमरन बहादुर (नाबाद) ने एक रन बनाया। यूपी के लिए एश्ले गार्डनर ने दो विकेट लिए जबकि कैथराइन और तनुजा को एक-एक सफलता मिली।

विद्युत विभाग ने दी कृषि पंप उपभोक्ता अपने कनेक्शन में अनिवार्य रूप से कैपेसिटर लगाने की सलाह

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगांव संभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि गर्मी के मौसम में धान, मक्का और चने की फसल में सिंचाई के लिये एक साथ कृषि पंप चलने से लोड बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है, जहां पंप कनेक्शन के बहुतायत है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता पी.सी. साहू ने बताया कि कृषि पंपों का घनत्व बहुत ज़्यादा हो गया है। प्रत्येक पंप की मोटर इंडक्टिव (क्वाइल से बना) लोड है। जब एक साथ बहुतायत में पंप चलते हैं तो पूरे सिस्टम का लोड असंतुलित होकर बहुत ज़्यादा इंडक्टिव हो जाता है और विद्युत प्रणाली का पॉवर फ़ैक्टर कम हो जाता है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर प्रणाली पर एक तरह की छद्म लोडिंग बढ़ जाती है और वोल्टेज कम हो जाता है। ज्ञात हो कि सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नही लगाये जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है, जिससे मोटर से पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवं जलने की संभावना बढ़ जाती हैं। कुछ पंपों से एक वितरण ट्रासंफार्मर में लोड बढ़ता है। कई वितरण ट्रांसफार्मरों से 11 के.व्ही. लाईनों पर, फिर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों पर तथा 33 के.व्ही. लाईनों एवं इस प्रकार पूरे ट्रांसमीशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है।

इसके लिये ज़रूरी है कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप प्रयेक किसान अपने पंप पर कैपेसिटर लगाये। इस स्थिति में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषको, राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है। यह स्थिति वर्तमान में आपके समक्ष उपस्थित है। इस समस्या के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। जैसे नये उपकेन्द्र की स्थापना, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापन, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि रबी फसल में प्रमुख रूप से धान लगाये जाने के कारण कृषि पंपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई हेतु अधिक मात्रा में पानी के उपयोग होने से आकस्मिक रूप से विद्युत लाईनों एवं ट्रांसफार्मर पर अधिक भार आ गया है, जलस्तर नीचे जाने से पंप ज़्यादा लोड खींच रहे हैं। फलस्वरूप कुछ क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई है। अतः समस्त कृषक अपने स्थापित पंप के स्टार्टर के समीप कैपेसीटर स्थापित करें, ताकि कुछ सीमा तक लो-वोल्टेज की समस्या का निदान हो सके एवं पंप जलने की समस्या से बचा जा सके। यह प्रमाणित तकनीकी उपाय है और इससे समस्या तत्काल काफ़ी हद तक हल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि0 से 3 एचपी तक के लिए 1 केवीएआर, 3 से 5 एचपी तक के लिए 2 केवीएआर, 5 से 7.50 एचपी. तक के लिए 3 केवीएआर, 7.50 से 10 एचपी. तक के लिए 4 केवीएआर तथा 10 से 15 एचपी. तक 5 केवीएआर का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। किसान पंप में किसी भी इलेंट्रिकल शॉप से कैपेसिटर खरीदकर लगवा सकते हैं।

मोतीपुर सुभाष क्लब में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतराष्ट्रीय महीला दिवस मिलन समारोह

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर सुभाष क्लब में गत 5 मार्च 2024को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतराष्ट्रीय महीला दिवस मिलन समारोह जिसकेआयोजक ग्रा.म.म.म.वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा एवं गुरुकृपा जनकल्याण समती के अध्यक्ष रश्मी बिछिया सचिव आरती सिन्हा द्वारा आयोजन कराया गया जिसमे रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, एवं भजन का अयोजन था मोतीपुर की महिलाओं ने बड़ -चड़कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव निगम महापोर्ट हेमा देशमुख्य, विशिष्ट अथिति श्रीमति अनिता साहू, श्रीमति सीमा साहू (मानव मंदिर),डॉ. विजयश्री जैन डॉ. प्रज्ञा सक्सेना आयुष पॉली क्लिनिक, कुमारी गूंजा सिन्हा पर्वता रोही डॉ. आंकशा विश्वकर्मा पुस्तक लेखिका, एवं कथक नृत्य शिक्षका, की अभिन्न उपस्थती रही महिला दिवस मिलन समारोह आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओ को उन महिलाओ से रूबरू कराना था जो विभिन्न कार्यक्षेत्र में रहकर कार्य करती है, जिससे उपस्थित सभी महिलाओ को जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरणा मिले मुख्य अतिथि महापौर हेमा देशमुख ने उधबोधन किया कि नारी का सशक्त होना उतना हि आवश्यक है जेसे प्रकृति के लिए वायु और आज की नारी का योगदान हर क्षेत्र में है, जैसे लक्ष्मी बाई के हाथ में तलवार था, वैसे हि आज नारी डॉक्टर, इंजीनियर, ई -रिक्शा चालक, ट्रेन चालक, पायलेट, वैज्ञानिक से लेकर राजनिति जैसे हर क्षेत्र में महिलाओ की उपस्थिती है। आयुष विभाग से डॉ.प्रज्ञा सक्सेना ने महिलाओ को संबोधित कर बताया कि जैसे महिलाएं प्रकृति का प्रतिरूप है, वैसे ही हर परेशानी जैसे मानसिक अवसाद, ज्यादा वजन बड़ना इतियादी का इलाज आयुर्वेद मे है, पर्वतारोही गूंजा सिन्हा ने संबोधित किया।

जुनवानी भिलाई विद्युत उपकेंद्र में 05 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज होने से चार हजार उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

दुर्ग (दावा)। 05 मार्च 2024 -उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ सतत विद्युत सप्लाई देने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा शहर के कोहका जोन अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) जुनवानी, भिलाई में दिनांक 4 मार्च 2024 को 05 एम.व्ही.ए. का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज किया गया। जिससे कोहका जोन के अंतर्गत बजरंगपारा, आर्यनगर, हाउसिंग बोर्ड, विवेकानंद नगर इत्यादि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी।

साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसरंचना विकास योजना के अंतर्गत संपादित इस कार्य को लगभग 88 लाख 85 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। विद्युत कंपनी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय करने के उद्देश्य से तत्परता से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीउब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने बताया कि 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र जुनवानी, भिलाई में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लगने से कोहका जोन के लगभग चार हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि जुनवानी विद्युत उपकेंद्र में 05 एम.व्ही.ए. का एक पॉवर ट्रांसफार्मर पहले से ही लगा हुआ है, एक और 05 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लग जाने से जुनवानी विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 10 एम.व्ही.ए. हो गई है।

श्री जामुलकर ने इसे सतत विद्युत आपूर्ति के लिए उत्कृश्ट कार्य बताते हुए अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त तरुण कुमार ठाकुर एवं कार्यपालन अभियंता एसटीएम एस.के.मिश्रा तथा उनकी टीम की सराहना की। ट्रांसफार्मर चार्जिंग के दौरान सहायक अभियंता सुश्री मनीषा साहू, नवीन वर्मा, निरंजन दास एवं कनिष्ठ अभियंता प्रकाश रामटेके तथा कोहका जोन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संदीप कोल्हाटकर और सुनीता ईलमकार बने बौद्ध समाज के अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। शांतिनगर बौद्ध समाज की गतिविधियां ना केवल जिले तक बल्कि करुणा बुद्ध विहार शांतिनगर में आयोजित होने वाले सकारात्मक कार्यों की सराहना पूरे छत्तीसगढ़ में होती है।

संदीप कोल्हाटकर एवं सुनीता ईलमकार के द्वारा सक्रिय रूप से समिति के सदस्यों के साथ मिलकर उनके सहयोग से विगत कई वर्षों से बच्चों, युवाओं, युवतियों, महिलाओं एवं सभी वर्गों में उनके बेहतर जीवन के लिए बुद्ध धम्म के साथ-साथ स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य क्षेत्रों में लगातार कार्य किये जा रहे हैं जिनके कुशलनेतृत्व एवं सकारात्मक कार्यो से प्रभावित होकर शांतिनगर बौद्ध समाज के सम्मानित सदस्यों ने ऊर्जावान, अनुभवी, संघर्षशील एवं कुशलनेतृत्व के धनी राजनांदगांव के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कोल्हाटकर को बौध्द सेवा समिति का तीसरी बार एवं सुनीता ईलमकार को रमाआई महिला मंडल करुणा बुध्द विहार शांतिनगर का दूसरी बार का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद के इस चयन प्रक्रिया में सुभाष मेश्राम एवं शिव मेश्राम ने अपनी अहम भूमिका निभाई

तथा समिति के संरक्षक, मार्गदर्शक एवं सदस्य के रूप में यादवराव भीमटे, राजकुमार ऊके, मुन्ना मेश्राम, बसंत रुसे, जयपाल राउडकर, रविंद्र श्यामकुवंर, संजय हुमने, पूनम कोल्हाटकर, संगीता मेश्राम, अनुपमा श्रीवास, रोशनी शेन्डे, रत्ना खोब्रागढ़े, पूजा वासनिक, रोशन शेन्डे, पूजा भीमटे, सोनिका वासनिक, लीला मेश्राम, पूजा वासनिक, राहुल मेश्राम, प्रशांत ईलमकार, अनीश बोरकर, यश मेश्राम, प्रदीप भीमटे, प्रमोद सोनटेके, अनिल रामटेके सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर दोनों अध्यक्षो को बधाई देते हुए मंगलकामनाये किये एवं बेहतर समाज के निर्माण में हमेशा की तरह वर्तमान व भविष्य में भी सहयोग प्रदान करने की बात कही एवं जिला बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया।

पुत्री के शादी पर शाला में न्योता भोज कार्यक्रम

हरदी (दावा)। डौण्डी लोहारा ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला कसही (ट) में राजकुमार हिरवानी द्वारा अपनी सुपुत्री के शादी के अवसर पर शाला में न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया। पूरक पोषण आहार के रूप में बच्चों को बड़ा, पुड़ी, लड्डू, पापड़ खीर आदि परोसा गया। इस अवसर पर राजकुमार हिरवानी, नंदनी देवी साहू, ललीता साहू, शांतिदास साहू, भूपदास साहू शाला के प्रधान पाठक लूतनराम साहू, प्रवीण कुमार चन्द्राकर, नागेश्वर निर्मलकर उपस्थित थे।

चंद्रहास साहू, शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनोनित

○ अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

डोंगरगढ़(दावा)। व्यायाम शिक्षक चंद्रहास साहू को शारीरिक शिक्षक संघ डोंगरगढ़ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दिनांक 5 मार्च को शारीरिक शिक्षक संघ डोंगरगढ़ ब्लॉक के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई थी।जिसमें सर्वसम्मति से हायर सेकेंडरी स्कूल बोरतलाव के व्यायाम शिक्षक चंद्रहास साहू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

अध्यक्ष श्री साहू द्वारा अपने कार्यकारिणी में हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा के व्यायाम शिक्षक त्रिलोक जांभुलकर को उपाधक्ष, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल मुरमुंदा की व्यायाम शिक्षक श्रीमती पुनम टेंबुरकर को उपाध्यक्ष , हायर सेकेंडरी स्कूल बागनदी के व्यायाम शिक्षक राकेश रामटेके को सचिव , कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मेढ़ा के व्यायाम शिक्षक मंगल कोकड़िया को सहससिव, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल रेंगाकटेरा की व्यायाम शिक्षक श्रीमति इंदु मेश्राम को सहसचिव मनोनीत किया गया।

कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल अंड्डी के व्यायाम शिक्षक राणा अजय सिंग एवम गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल चारभाटा के व्यायाम शिक्षक देवेन्द्र अंबादे को सर्व सम्मति से संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में व्यायाम शिक्षक बाबूराव जनबंधु, हरीश साहू को मनोनित किया गया है। व्यायाम शिक्षक तरुण कुमार वरकड़े संघ के कोषाध्यक्ष होंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीयों को शारीरिक शिक्षक संघ जिला राजनांदगांव एवं विकासखंड डोंगरगढ़ के शिक्षक संघ परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

कृषि सखियों को दिया गया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ के कृषि सखियों को कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से अवयव का उपयोग कर वातावरण एवं मृदा की उपजाऊ क्षमता, मृदा में उपस्थित विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीव एवं देशी केचुओं की संख्या में वृद्धि होती है। पोषक तत्वों की उपलब्धता को बढ़ाने में मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवों का बहुत महत्व है। इससे प्राप्त होने वाले उत्पाद रासायनिक मुक्त होने से मनुष्य के स्वास्थ्य भी सेहतमंद रहता है।

केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे ने कृषि में बीजों के उपचार के लिए बीजामृत एवं मृदा में पोषक तत्व एवं उर्वरकता बढ़ाने के लिए घनजीवामृत व खड़ी फसलों में पोषक तत्व के छिड़काव के लिए जीवामृत बनाने व फसलों के विभिन्न अवधि के अनुसार उपयोग करने की विधि के बारे में बताया।

प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री आशीष गौरव शुक्ला द्वारा खेती में कीड़े बीमारी से बचाव के लिए निमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्नि अस्त्र व मठा से उत्पाद बनाने संपूर्ण विधि एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कृषि मौसम वैज्ञानिक श्रीमती सुरभि जैन द्वारा मृदा की नमी एवं खरपतवार के नियंत्रण के लिए पैरा व मिट्टी के पलवार को उपयोग करने के बारे में बताया।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत निक्षय मित्र बनने कलेक्टर की अपील

बालोद (दावा)। गत 05 मार्च को जिला कलेक्टर के सभागृह में समय सीमा बैठक हुई जिसमें कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के टीबी मरीजों को पोषण आहार सहयोग हेतु निक्षय मित्र (निक्षय मित्र-उपचाररत टीबी मरीज को उपचार पूर्ण होने तक अधिकतम 6 महीने तक पोषण आहार प्रदान करना) बनने के संबंध में आम नागरिक एवं अधिकारी/ कर्मचारियों से अपील की गई।

जिलाधीश एवं जिला दण्डाधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के द्वारा एक टीबी मरीज को निक्षय मित्र बनकर फुड बॉस्केट दिया गया। इसी तारतम्य में डॉ. संजय कन्नौजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद, चंद्रकांत कौशिक अतिरिक्त कलेक्टर, पूजा बंसल संयुक्त कलेक्टर, सुक्रांत साहू कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालोद के द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण आहार दिया गया।

आज बैठक में उपस्थित सभी विभाग प्रमुख के द्वारा निक्षय मित्र बनने के लिए सहमति जताई। जिससे जिला बालोद के सभी विकासखण्ड के सभी टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बन कर पोषण आहार में सहायता किया जा सके। निक्षय मित्र के द्वारा खाने वाला तेल, फल्लीदाना, चना, दुग्ध पाउडर, सोयाबड़ी, गुड़, मिश्रित दाल आदि सामग्री टी.बी. मरीजों को 06 माह तक दिया जावेगा। आम नागरिकों से भी अपील किया गया है, कि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों का सहयोग करें, ताकि जिला बालोद को 2025 में टीबी मुक्त किया जा सके।

राज्य शासन के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन

○ मामला - अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का जाति प्रमाण पत्र न बनाकर गुमराह करने का

○ उग्र हुए अनुसूचित जाति वर्ग के पीड़ित लोग, किया नगर पालिका का घेराव

डोंगरगढ़(दावा)।राज्य शासन द्वारा 2014 एवं 2021 में जाति प्रमाण पत्र के सरलीकरण को लेकर जारी किए गए आदेश को ठेंगा दिखाते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि व स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अनुसूचित जाति के पीड़ित लोगों का जाति प्रमाण पत्र न बनाकर उन्हें लगातार गुमराह किया जा रहा है।

विगत अनेक वर्षों से शासन के आदेश का हवाला देते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के पीड़ित लोग जाति पत्र बनाने को लेकर अनेक मर्तबा नगर पालिका, एसडीएम कार्यालय, जिला कलेक्टर के समक्ष गुहार लगा चुके हैं। अनेक मर्तबा उग्र प्रदर्शन भी किया जा चुका है। किंतु संबंधित जनप्रतिनिधि व अधिकारी जो कि अनुसूचित जाति वर्ग से ही आते हैं, उनके द्वारा पीड़ित अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। जिससे नाराज अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों ने आज पालिका का घेराव कर जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों से सवाल जवाब किया। मौके पर उपस्थित नगर पालिका अधिकारी द्वारा पालिका में जाति प्रमाण पत्र को लेकर आज ही प्रस्ताव किए जाने का आश्वासन सामाजिक गनों को दिया गया है।

2014 में प्रशासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र के सरलीकरण को लेकर निकल गया आदेश

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, द्वारा वर्ष 2014 में जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रकिया के सरलीकरण के संबंध में प्रचार-प्रसार करने के संबंध में पत्र जारी किया गया था। 11 जुलाई 2014 के अनुशंसा-पत्र में यह सुझाव दिया गया था कि अनुसूचित जाति विकास विभाग के पत्र क. 3816/आरा. 1228/2012/25-2, दि. 08.05.2013 द्वारा जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रकिया में सरलीकरण किया जा चुका है। किन्तु संबंधित राजस्व कार्यालयों में जाति प्रमाण-पत्र हेतु आवेदकों से वर्ष 1950 के दस्तावेजों की मांग की जाती है। ग्राम सभा द्वारा प्रदत्त साक्ष्य या दस्तावेजों को नहीं माना जाता है। ग्राम सभा द्वारा प्राप्त साक्ष्य या दस्तावेज की अनदेखी की जा रही है। आयोग ने शासन द्वारा नियमों प्रापदण्डों में सरलीकरण की जानकारी का उचित प्रचार-प्रसार करने की अनुशंसा की है। आयोग ने राज्य तथा जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया है। दिनांक 30.06.2014 द्वारा पुनः समस्त कलेक्टर्स को लिखा गया है कि वे जाति प्रमाण-पत्र जारी करने वाले संबंधित प्राधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार को उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित करें तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में निर्देशो का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों को कहा गया था कि कृपया छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग की अनुशंसानुसार ग्राम सभा तथा नगर निकाय के प्रस्ताव / अनुमोदन के आधार पर जाति प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार/नायब तहसीलदारों को राज्य स्तर तथा जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर उचित प्रचार-प्रसार करने के संबंध में निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

2021 में सरलीकरण को लेकर पुनः निकाला गया आदेश

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2021 को समस्त कलेक्टर्स, छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के (सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र) जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में पुनः पत्र जारी किया गया था। पत्र में कहा गया कि, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) नियम, 2013 बनाये गये हैं।

उक्त नियम के तहत यह प्रावधान स्पष्ट है कि, जहाँ जाति को प्रमाणित करने हेतु कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध न हो तो ग्राम सभा द्वारा आवेदक की जाति के संबंध में पारित संकल्प÷। इस विभाग के निर्देश क्रमांक एफ 13-10/2019/ आ.प्र./1-3 दिनांक 17.09.2019 का भी स्मरण करें, जिसमें नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद् अथवा सामान्य सभा द्वारा की गई उद्घोषणा को जाति तथा मूल निवास के संबंध में साक्ष्य के रूप में मान्य कर उसके आधार पर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाये।राज्य शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि, जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारियों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि, आपके जिले के अधीनस्थ सक्षम प्राधिकारियों को तत्काल निर्देशित करें कि उक्त नियम-निर्देशों में दिये गये प्रावधानों के तहत नियमानुसार (सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण-पत्र) जाति प्रमाण-पत्र जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

पार्षदों के हो-हल्ला, झूमा-झटकी के बीच महापौर ने किया घाटे का बजट पेश

वरिष्ठ पार्षद कुलबीर ने आयुक्त को लिया लपेटे में, सीएम साय पर अनर्गल टिप्पणी कर पार्षद राजा बुरे फंसें, मांगी माफी

राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम में आज महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने कार्यकाल का 5वां व अंतिम बजट पेश की। 28 लाख 50 हजार के घाटे का बजट पेश कर महापौर ने शहर में हुए अपने कार्यकाल के दौरान कार्यों को गिनाया व शहर विकास के लिए 68 करोड़ की नई योजनाएं बजट में पेश की। सदन में बजट भाषण शुरू होने के साथ ही बजट पर कांग्रेस व भाजपा के पार्षदों ने चर्चा शुरू की। पूरे बजट बैठक में पक्ष एवं विपक्ष के पार्षद एक दूसरे से नोक झोक व एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे और हो-हल्ला का माहौल भी शुरू हो गया।

निगम के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा ने महापौर श्रीमती देशमुख द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को शहर को विकास की ओर ले जाने वाला बजट बताया साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था के लिए संसाधन की भी आवश्यकता जताई। पानी बिजली सफाई को शहर की मुख्य समस्या बताते हुए कुलबीर ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जरूरत बताई तथा निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता को टारगेट में लेते हुए उनका वार्डों के निरीक्षण के लिए घुमना निरर्थक बताया व कहा कि वार्डों में जाने से पहले वार्ड पार्षद को इत्तिला किया जाना चाहिए। उनके द्वारा 25 सफाई कर्मचारियों की छटनी किए जाने तथा टैक्स वसूली कार्य निजी हाथों में देने के कार्य को भी उचित नहीं ठहराया।

इसी तरह पार्षद संतोष पिल्ले ने बजट में वार्ड के शंकर मंदिर को शामिल करने, ममता नगर अंडरब्रिज के पास ज्यादा दबाव बनने तथा 25 लाख की राशि से वहां के नाले को समतलीकरण किए जाने की बात उठाई। श्री पिल्ले ने अमृत मिशन से शहर को पूरा सत्यानाश किए जाने की बात कही तो भाजपा वाले आक्रोशित हो गए व शिव वर्मा सहित अन्य पार्षद पिल्ले की बातों का प्रतिकार करते हुए उस पर पिल पड़े। इससे झूमा-झटकी का भी माहौल बन उठा। इधर भाजपा की पार्षद मधु बैद ने महापौर श्रीमती देशमुख को महिला होकर भी महिलाओं के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया व कहा कि महापौर ने ई. रिक्शा चलाने वाली महिलाओं के लिए बैटरी चार्जिंग सेन्टर खोलने की बात कहीं थी। आज तक खोला नहीं जा सका। इसी तरह उन्होंने विधवा पेंशन सहित महिलाओं से सम्बंधित अन्य समस्याएं भी उन्होंने गिनाई।

महिला होकर भी महिलाओं के लिए कुछ नहीं किए जाने का महापौर पर आरोप

सदन में दोनों पक्षों ने गुंजाएं जय श्री राम के नारे... देर रात सर्वसम्मति से पारित हुआ बजट

गोलबाजार वार्ड के पार्षद शरद सिन्हा ने महापौर पर सामान्य सभा कराने के लिए घबराने का आरोप लगाया तथा कहा कि महापौर हम पार्षदों के अधिकार का हनन कर रही है। शरद ने महापौर का चार साल का कार्यकाल पूरा अस्त-व्यस्त बताया तथा कहा कि विधवा पेंशन दिलाने में असफल रही महापौर कब उन्हें पैसा दिलाएगी। इस प्रश्न पर पार्षद गणेश पवार व शरद के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। इस दौरान राजीव नगर के पार्षद ऋषि शास्त्री जय-जय श्री राम के नारे लगाते नजर आए और भगवान श्री राम को छत्तीसगढ़ का भांचा बताया।

भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा

पार्षद कुलबीर के निगम में भ्रष्टाचार को बहुत बड़ा मुदादा बताया और कहा कि किसी में हिम्मत नहीं कि कागज दिखाएं। तीन सौ करोड़ खर्च के बाद अमृत मिशन का पाईप तक नहीं बिछ पाया व शहरवासियों को पानी तक नहीं पिलाने के आरोप सहित अमृत मिशन को फेल होने की बात कहे जाने पर पार्षद शिव वर्मा व विजय राय ने इसका विरोध किया व एक ही बात को बार-बार कहने पर आपत्ति व्यक्त की तथा कहा कि कुलबीर सदन में उपन्यास पढ़ रहा है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन भी इसका विरोध करते देखे गए।

गंज लाईन के पार्षद राजेश जैन रानू व बसंतपुर की पार्षद हेमिन यादव ने एसआरएलएम सेन्टर में 4 लाख का घोटाले की बात उठाई। महापौर व आयुक्त ने ही इसे सामने लाया है। पार्षदों ने छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा स्थापित किए जाने का मुद्दा भी उठाया तथा कहा कि जहां प्रतिमा स्थापित किए हैं, जो धूल खाते पड़ी हैं। छत्तीसगढ़ महतारी के सामने एक अगरबत्ती तक नहीं जलाया जाता। यह छत्तीसगढ़ महतारी व प्रदेश की नारी शक्ति का अपमान है। खेमिन यादव ने पूर्व में बजट में रखे गए पेट्रोल पम्प, दाई-दीदी बाजार सहित अन्य विषय पर सवाल खड़े किए। वही दुकान आबंटन को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। इसी तरह पार्षद मणिभास्कर गुप्ता, गणेश पवार, विजय राय, ऋषि शास्त्री, राजा तिवारी आदि कांग्रेस व भाजपा के पार्षद अपने वार्ड से संबंधित समस्याओं के प्रति सदन का ध्यानाकर्षण कराया।

पैसा कहां से लायेगी महापौर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने सोशल मीडिया में दिए गए अपने बयान में कहा कि महापौर के चार साल के कार्यकाल में निगम में आय के साधन नहीं बढ़े है। वही शासन से किसी प्रकार स्वीकृति के लिए उन्होंने पहल भी नहीं की है। बजट के लिए पत्राचार भी नहीं किया है। यदि उन्होंने किया हो तो वे सामने रखे। श्री यदु ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद महापौर एक भी बार न किसी मंत्री से मुलाकात की है और न पत्र व्यवहार किया है। इधर उन्होंने शहर विकास के नाम पर 68 करोड़ के विभिन्न योजनाओं का प्रावधान किया है। महापौर इसके लिए पैसा कहा से लाएगी का प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव को सपनों का शहर बनाने की बात कहने वाली महापौर गहरी निद्रा में सोई रही। यही वजह है कि भाजपा विधानसभा चुनाव में डॉ. रमन सिंह को 45 हजार से लीड मिली। नेता प्रतिपक्ष ने महापौर पर जनता पर टेक्स बढ़ाने का आरोप भी लगाया तथा कहा कि नई व्यवस्था से जनता पर टैक्स बढ़ेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा गलत तरीके से खरीदे जाने तथा बाहरी ठेकेदार से टैक्स वसूली सामान्य सभा में नहीं लाए जाने का भी आरोप लगाया है।

महापौर ने मीडिया के साथ चर्चा करते हुए सीधे निगम आयुक्त श्री गुप्ता पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया और कहा कि सफाई कर्मी 4 साल तक ठीक था 5 वें साल में इसमें कमी आई। आयुक्त ने 25 कर्मचारियों को निकाल दिए है। महापौर ने कहा कि बूढ़ा सागर सौंदर्यीकरण भ्रष्टाचार मुद्दे की हमने जांच कराई है। उनका पांच साल का हिसाब देख ले। इसमें उन्होंने पूर्व महापौर मधुसूदन यादव का नाम लिया। महापौर ने कहा कि बास्केटबाल कोर्ट के लिए राशि की मांग की है। विष्णुदेव सरकार से लगातार मांग की है लेकिन 4 करोड़ की राशि कैंसिल कर दी। महापौर ने उक्त चार करोड़ की राशि देने की मांग की है।

पार्षद ने सदन में माफी मांगी

बजरंगपुर-नवागांव के पार्षद राजा तिवारी ने अपने सम्बोधन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कम पढ़े लिखे होने की बात कही तो गगन आईच सहित भाजपा पार्षदों ने इस पर घोर आपत्ति व्यक्त करते हुए राजा तिवारी से अपने बयान वापिस लेने तथा एक आदिवासी मुख्यमंत्री का अपमान किए जाने का आरोप लगाया इस दौरान सदन में खूब हो हल्ला का माहौल बना रहा। अंतः में महापौर की समझाईस पर राजा तिवारी ने अपने बयान वापिस लिए और सीएम श्री साय के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए सदन में माफी मांगा।

महापौर ने दलगत राजनीति से उपर उठकर शहर की जनता की भावना के अनुरूप नगर विकास हेतु 480 करोड़ का बजट किया प्रस्तुत

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमति हेमा देशमुख ने कहा कि संस्कारधानी को धन्यवाद प्रेषित एवं पांचवे वर्ष के बजट पेश करते हुये अत्यंत हर्ष महसूस कर रही हूँ। कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिव डहरिया को धन्यवाद प्रेषित करती हूँ कि आपने चार वर्ष में जहां जनता की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा, वहीं शिक्षा के लिये स्वामी आत्मानंद स्कूल की सौगात दी, जो आज अपना परचम लहरा रही है।

कोशिश किये बिना कभी सुधार नहीं होते,
संघर्ष और प्रयत्न कभी बेकार नहीं होते।
कड़ी मेहनत से बदलती है, किस्मत की रेखाएँ,
रातो रात कोई चमत्कार नहीं होते।।

महापौर ने नगर पालिक निगम के वर्ष 2023-24 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 का वार्षिक आय-व्यय की स्वीकृति हेतु पांचवाँ बजट में कोई भी नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। हमारा यह प्रयास होगा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शहर का सर्वागीण विकास करना एवं नागरिक सुविधाओं और सेवाओं से खुशहाली एवं तरक्की का मार्ग प्रशस्त हो तथा मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करा सकें। नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय-व्यय अनुमान पत्रक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। सभापति जी वर्ष 2023-2024 के बजट प्रावधानों के विरूद्ध पुनरीक्षित आय 292 करोड़ 24 लाख 78 हजार रूपये तथा पुनरीक्षित व्यय 297 करोड़ 46 लाख 53 हजार रूपये है। बजट अनुमान अंतर्गत कुल अनुमानित आय 449 करोड़ 12 लाख 91 हजार रूपये तथा व्यय 480 करोड़ 23 लाख 03 हजार रूपये था, जबकि वर्ष 2023-24 में प्रारंभिक अवशेष 30 करोड़ 87 लाख 67 हजार रूपये था। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के बजट प्रावधान मे प्रस्तावित आय 320 करोड़ 16 लाख 52 हजार रूपये तथा व्यय 376 करोड़ 54 लाख 02 हजार रूपये है। वर्ष 2024-25 का अनुमानित प्रारंभिक अवशेष राशि 56 करोड़ 09 लाख रूपये की संभावना है, इसे मिलाकर कुल आय 376 करोड़ 25 लाख 52 हजार होता है। इस प्रकार घाटे का बजट 28 लाख 50 हजार रूपये प्रस्तावित है। दलगत राजनीति से उपर उठकर शहर की जनता की भावना के अनुरूप नगर विकास करने की मंशा को लेकर इस बजट को प्रस्तुत करने के पूर्व नगर निगम के सभी निर्वाचित पार्षदों व गणमान्य नागरिकों से राय लेकर उनके सुझावों को इसमें शामिल किया है।

महापौर ने बजट में शहर में सुचारू पेयजल व्यवस्था किये जाने हेतु मोहारा जल सयंत्रगृह के लिये पुराने प्लांट में 10 एमएलडी एवं 27 एमएलडी पंप क्रय किये जाने 6.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। निकाय क्षेत्र के 51 वार्डो में पेयजल पाईप लाईन विस्तार किये जाने 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। वार्डो के सार्वजनिक सुलभ शौचालयों को सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से शौचालयों को मरम्मत किये जाने 50.00 लाख का प्रावधान रखा गया है।

पार्षदों की मांग अनुसार वार्ड में रोड व नाली निर्माण कराये जाने 10.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। निकाय क्षेत्र के प्रमुख स्थानों का सौदर्यीकरण किये जाने 4.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के लिये शहर के व्यस्ततम मार्ग में ट्रैफिक सिग्नल लगाये जाने एवं महावीर चौक व भदौरिया चौक पर शेड निर्माण किये जाने 1.00 करोड रूपये का प्रवाधान रखा गया है। निकाय के 51 वार्डो में सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध करने की दृष्टि से सड़कों में डामरीकरण कार्य किये जाने 15.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।

निगम सीमाक्षेत्र स्थित उद्यानों एवं गांधी सभागृह व आडिटोरियम, बर्थ डे पार्क का संचालन- निगम सीमाक्षेत्र स्थित उद्यानों एवं गांधी सभागृह व आडिटोरियम, बर्थ डे पार्क का संचालन हेतु निजी कम्पनी को दिये जाने 2.00 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है।

शहर के नागरिकों के प्रातः एवं संध्या भ्रमण एवं स्नेक्स जल-पान के लिये तथा खिलाडियों के खेलने हेतु बास्केट बाल व बेडमिंटन कोर्ट निर्माण के लिये 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। नगर में ट्यूबलर पोल लगाये जाने-नगर में सुगम विद्युत व्यवस्था के लिये 51 वार्डो में ट्यूबलर पोल लगाये जाने हेतु 2.00 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। शहर के सभी एस.एल.आर.एम. सेन्टर को व्यवस्थित करने 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर नागरिकों को सुगम यातायात व विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने 2.00 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत निर्मित मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार व मरम्मत किये जाने 1.50 करोड का प्रावधान रखा गया है।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों के डिवाईडरों का मरम्मत व व्यवस्थित करने 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। नगर पालिक निर्माण मे स्थित टाउन हाल कार्यालय एवं परिसर का जीर्णोद्धार कार्य कराये जाने 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। इसमें शहर में जलापूर्ति, बड़े नालों के गंदे पानी को सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में जोडे जाने के प्रथम चरण में 20.00 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है।

लोकसभा निर्वाचन-2024 की निर्बाध संचालन हेतु छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय सीमा से सटे जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की हुई बैठक

खैरागढ़ (दावा)। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों को लेकर गोंदिया जिले के देवरी (महाराष्ट्र) में अंतरराज्यीय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गोंदिया कलेक्टर प्रजीत नायर के अलावा खैरागढ़-छुईखदान, गंडई कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था, आपराधिक गतिविधियों को रोकने और माओवाद प्रभावित क्षेत्र में संयुक्त अभियानों पर चर्चा की गई। साथ ही अंतरराज्यीय सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के केसीजी, राजनांदगांव एवं गोंदिया कलेक्टर-पुलिस अधीक्षकों ने एक-दूसरे से जिलों से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी साझा की। ताकि आगामी चुनावी के दौरान उस लिहाज से व्यापक तैयारी की जा सके।

बैठक में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव एवं गोंदिया जिले के कलेक्टर-एसपी ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने पर जोर दिया। वही बेहतर आपसी ताल-मेल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए तीनों जिले के मध्य आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सूचनाओं के तेजी से आदान-प्रदान पर भी व्यापक चर्चा की। बैठक में चुनाव के दौरान अंतरराज्यीय सीमाओं पर चेकपोस्ट लगाने, मादक पदार्थो के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए भी प्रभावी समन्वय करने पर चर्चा हुई।।इस बैठक में चुनाव के दौरान अवैध रूप से शराब, नगदी, हथियार, सोना और चांदी के साथ-साथ अन्य सामग्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए भी रणनीति तय की गई।

0 बैठक में खैरागढ़, राजनांदगांव एवं गोंदिया कलेक्टर—एसपी हुए शामिल

0 कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से सटे क्षेत्र की साझा की जानकारी

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के चलते अभी से ही मादक पदार्थो शराब, गांजा आदि के अवैध भण्डारण के साथ-साथ नगदी, साड़ी, बर्तन जैसी सामग्रियों के बड़ी मात्रा में भण्डारण पर नजर रखने पर भी विचार-विमर्श का प्लान तैयार किया गया। साथ ही किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर जोर दिया ताकि चुनाव के दौरान होने वाली घटनाओं पर समय से त्वरित कार्रवाई की जा सके।

एनबीआईएस बोरी में नये सत्र पर प्रवेश में 100 प्रतिशत की छूट

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर संस्था ,नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु नयी पद्धति तथा नये कलेवर के साथ कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के प्रथम प्रवेश लेने वाले दस विद्यार्थियों को एडमिशन फीस में 100त्न छूट दी जा रही है। प्रत्येक कक्षा के प्रथम दस विद्यार्थियों के लिए यह छूट सुनिश्चित है। नयी शिक्षा नीति तहत एनबीआईएस में विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन होता है।

आधुनिकता के दौर को ध्यान में रखते हुए शाला में विशेषकर उच्च कक्षाओं में इंटरैक्टिव बोर्ड द्वारा कक्षाएँ विशेष विशेषज्ञों द्वारा ली जाती है। पठन-पाठन की रुचि को देखते हुए शाला में सुव्यवस्थित सुसज्जित लाइब्रेरी का भरपूर उपयोग विद्यार्थियों द्वारा समय- समय पर किया जाता है । विशेषकर छोटे बच्चों को कहानी कविता के माध्यम से श्रवण पद्धति द्वारा पढ़ने को और रोचक बनाया जा रहा है। कक्षावार बच्चे लाइब्रेरी में अपनी पसंद की पुस्तकों का चुनाव कर ज्ञान प्राप्त करते है। विषय अनुरुप शाला में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी एवं कम्प्यूटर की पूर्ण विकसित लैब भी उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाती है । प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी कक्षाओं (9वीं से 12वीं)में बुनियादी शिक्षा विशेष रुप से शाला में संपन्न करायी जाती है । वर्तमान समय में एनबीआईएस में सारी कक्षाएं नॉन- रिफलेक्टिव बोर्ड एवं पूर्ण रुप से डिजिटल पद्धति द्वारा चलाए जा रहे है। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सभी कक्षाओं में डिजिटल इंटरेक्टिव बोर्ड हेतु इंटरनेट की सुविधा दी गई है ताकि विषय विशेष की जानकारी शिक्षकों द्वारा समय समय पर बच्चों को आसानी से दी जा सके।

पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी विशेष ध्यान

एनबीआईएस का उद्देश्य बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देना है ताकि बच्चे न केवल शाला अपितु, परिवार, शहर के साथ देश का एक बेहतर नागरिक बने व अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूर्ण रुप से कृतज्ञ रहे। बच्चों के स्वास्थ्य एवं सेहत के प्रति जागरूक एनबीआईएस में शारीरिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस हेतु शाला में विशेष खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। शाला में वर्तमान में छह खेल शिक्षक है। खेल के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन भी किया जा रहा है, जिसमें आउट डोर एवं इन्डोर गेम की व्यवस्था है। बाहरी खेलों हेतु शाला परिसर में एडवेन्चर स्पोट्स एरिना, क्रिकेट के लिए नेट पिच, ओपन जिम के साथ ही दो बास्केटबाल कोर्ट, दो व्हालीबाल कोर्ट, खो - खो, कबड्डी, हैंडबाल, फूटबाल, क्रिकेट मैदान तथा रनिंग ट्रैक की सुविधा 8 एकड में है। इंडोर गेम में शाला में दो बैडमिंटन कोर्ट, दो टेबल टेनिस, कैरम, चेश आदि खेलों को बच्चे अपनी योग्यता अनुसार खेलते है। प्री प्राइमरी के बच्चों हेतु विशेष प्ले स्टेशन का निमार्ण एनबीआईएस में किया गया है, जिसमें बच्चों की सुविधा अनुसार अनेक खेल खिलाए जाते है।

अतिरिक्त गतिविधियों के लिए शाला में संगीत, नृत्य, कला के साथ ड्राइंग तथा ओरीगेमी की भी कक्षाएँ संचालित की जाती है। एनबीआईएस में डांस क्लास हेतु 1200 स्क्वेयर फिट का हाल उपलब्ध है, जिसमें विशेष शिक्षकों के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जाता है। संगीत की कक्षाओं हेतु शाला में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा कक्षाएं ली जाती है, जिसमें बच्चों को गायन व वादन का अभ्यास कराया जाता है। कला के शिक्षकों द्वारा पेंटिंग, ड्राइंग एवं क्राफ्ट की कक्षाएं भी सुचारू रुप से एनबीआईएस में संचालित होती है । जीवन में सकारात्मक प्रभाव को धारण करने के लिए शाला में मोटिवेशनल क्लासेस विशेषज्ञों द्वारा समय समय पर ली जाती है । साथ ही स्पोकन इंगलिश एवं अबेकस की कक्षाएँ भी क्रमानुसार चलती है । गत वर्ष से शाला में मेस की सुविधा भी बच्चों के लिए सुचारु रुप से संचालित की जा रही है, जिसे पालको का अच्छा प्रसाद मिला। बच्चों को समय पर दूध एवं गरम पौष्टिक शुद्ध ताजा नाश्ता बहुत ही किफायती दर में उपलब्ध हो रहा है। आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनबीआईएस में लगभग 36 वाहन वर्तमान में संचालित हो रही ह। जिसमें सभी वाहनों में जीपी आर एस सिस्टम से मानिटरिंग होती है, ताकि पालक को अपने बच्चे के बस की पूरी जानकारी आसानी से मिल सके। एनबीआईएस की यातायात सुविधा छूईखदान, घुमका, राहूद, तुमड़ीबोड़, सिंघोला, मोहड़ तथा सिंगदई के आसपास के इलाके तक जाती है। आगामी वर्षों में स्विमिंग पुल के निर्माण का कार्य भी जल्द ही एनबीआईएस परिसर में पूर्ण रुप से कल्पित होगा, ताकि सभी बच्चे तैराकी की गतिविधि में भी निपुण हो सके। एनबीआईएस के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है हमारी संस्था का एकमात्र उद्देश्य बच्चों का सर्वागीण विकास करना है क्योंकि बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं, हमें इस धरोहर को सुनियोजित तरीके से तरासना है ताकि बच्चे राष्ट्र को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्प्रेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के सामने राज.

जमीन बेचना है
कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.
-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868

प्लाट बेचना है
शानदार लोकेशन
बसंतपुर राजनांदगांव
में प्लाट 25x50
के उपलब्ध है.
-: संपर्क करें :-
मो.-6261339229

Udayachal Health & Research Institute
(Run By Udayachal)
Require
Ophthalmic Asst. - 6 Post,
Salary Minimum-15000/- PM
Nursing -10 Post, Pref. B.Sc. Nursing
Salary Minimum-10000/- PM
Subect To Experience, Free Residence facility
Driver- 4 Post for mobile bus and ambulance
Candidate may Submit resume by Email or
directly at Udayachal Eye Hospital
New Building, Room No. 7
Last date to submit resume 8th March 2024
(Email ID_udayachalrjn@gmail.com)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com